# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 290 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

# गुलाब कॉलोनी के 13 शासकीय मकानों को जमींदोज करने की कवायद शुरू

## न्यायालय भवन निर्माण के लिए कॉलोनी को खाली कराने अधिवक्ता थे लामबंद





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** न्यायालय भवन को वर्तमान स्थल पर ही निर्मित करने की मांग को लेकर 6 नवम्बर से प्रारंभ जिला अधिवक्ता संघ, सरगुजा का अनिश्चितकालीन कलमबंद आंदोलन बुधवार, 12 नवम्बर को समाप्त होने के बाद गुलाब कॉलोनी में स्थित शासकीय आवासों को जमींदोज करने की प्रक्रिया गुरूवार को शुरू कर दी गई है। पहले दिन तीन खाली मकानों को जेसीबी लगाकर राजस्व अमले की मौजूदगी में तोड़ना शुरू किया गया। इन मकानों में रहने वाले लोग किराए का मकान तलाशते नजर आए, कुछ कर्मचारी अपना सामान मालवाहकों में लोड करवाकर ले जा रहे थे। कॉलोनी से लगे निजी मकान और दुकान के स्वामियों को भी नोटिस जारी किया गया है, जो नजुल भूमि पर काबिज हैं। इनमें से 6-7 लोगों ने उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया है।

बता दें कि गुलाब कॉलोनी में कुल 13 शासकीय मकान हैं, इनमें से तीन मकान आज की स्थिति में पूरी तरह से खाली हैं। जिला न्यायालय भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की दृष्टि से पहले इन्हीं मकानों को जमींदोज करने की शुरूआत हुई है। कुछ मकानों में रहने वाले लोग अपना सामान किराए के मकानों में शिफ्ट कर रहे हैं, लेकिन ये मकान पूरी तरह से खाली नहीं हुए हैं। सभी को जल्द से जल्द मकान खाली करने के लिए कहा गया है, ताकि इन्हें तोड़ने की प्रक्रिया पूरी हो। एक कर्मचारी के द्वारा उच्च न्यायालय से स्टे मिलने की बात कही जा रही है, हालांकि स्टे संबंधी कागजात संबंधित कर्मचारी के पास है या नहीं, इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। इधर लोक परिसर बेदखली अधिनियम के प्राधिकृत अधिकारी की ओर से 4 नवम्बर को जारी किए गए आदेश में स्पष्ट किया है कि इस आदेश की तामिली तारीख से 15 दिवस के भीतर गांधी चौक अंबिकापुर के पास गुलाब कॉलोनी में अवस्थित शासकीय आवास क्रमांक एच-8 को रिक्त कर दें। इस आदेश का विर्निदिष्ट कालावधि के भीतर अनुपालन करने से इंकार या रिक्त नहीं करने की दशा में अनावेदक को उक्त परिसर से बलपूर्वक बेदखल किया जाएगा। मकानों को खाली करने के लिए नोटिस के माध्यम से डेड लाइन एसडीएम की ओर से जारी किया गया है, इसलिए राजस्व अमले का ध्यान पहले पूरी तरह से खाली मकानों और खाली किए जा रहे मकानों की ओर है।


### पुरानी स्मृतियों के बीच खोज रहे किराए का मकान

गुलाब कॉलोनी के शासकीय मकानों में रहने वाले कर्मचारी परिवारों का कहना है कि वर्षों से वे यहां रह रहे हैं। दीपावली के समय ही पूरी कॉलोनी के घरों का रंग-रोगन और सुधार कार्य उन्होंने करवाया था। इसके बाद मकान खाली करना पड़ेगा, इससे वे बेखबर थे। वे इसके लिए दिया गया समय भी पर्याप्त नहीं मान रहे हैं। इनका कहना है कि अपना काम, बच्चों को स्कूल भेजना छोड़कर किराए का मकान खोजना मजबूरी बन गई है। यहां रहने वाले कई परिवार ऐसे हैं, जिनका विवाह, बच्चों का जन्म सहित अन्य संस्कार इसी आवास में हुआ है। टूटते मकानों को देखकर इनके बच्चे रोते हुए पूछ रहे हैं, अब वे कहां जाएंगे। लम्बे समय तक इन मकानों में रहने और समय-समय पर किए गए पौधारोपण की स्मृतियां उन्हें कचोट रही है।

### 1983 में किया गया था इन मकानों का आबंटन

राजस्व अमले का कहना है कि गुलाब कॉलोनी शासकीय रिकार्ड में देवीगंज रोड से लगा हुआ है, जिसका निर्माण और आबंटन वर्ष 1982-83 में हुआ है। इसके बाद कई शासकीय कर्मचारियों को इन आवासों का लाभ मिला, जिसमें न्यायिक सहित अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल रहे। गुलाब कॉलोनी से लगे नजुल भूमि पर कई लोगों ने अतिक्रमण करके मकान भी बना लिया है। मौके की स्थिति को देखें तो गुलॉब कॉलोनी के अंतिम मकान से लगी पुरानी बाउंड्री देखने को मिल जाएगी। इस बाउंड्री से लगा एक खपरैल मकान है, जिसके स्वामी ने अपने मकान का दरवाजा भी कॉलोनी की ओर निकाला है। और भी कई छोटे-बड़े मकान यहां बने हैं, जिसमें परिवार के साथ लोगों का रहना होता है। इनमें से आधा दर्जन से अधिक लोगों के द्वारा हाईकोर्ट से स्टे प्राप्त करना राजस्व अमला बता रहा है। इसका निराकरण नहीं होने तक संबंधित मकानों को तोड़ना आसान नहीं होगा।

### प्रस्तावित न्यायालय भवन निर्माण 0.93 एकड़ भूमि में संभव नहीं



कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग अंबिकापुर ने 01 अप्रैल 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अंबिकापुर को जिला न्यायालय भवन के पुर्ननिर्माण के संबंध में संदर्भित आदेश व पत्रों का हवाला देते हुए अवगत कराया है कि जिला न्यायालय भवन के पुर्ननिर्माण कार्य हेतु 4602.52 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं कलेक्टर सरगुजा द्वारा आबंटित भूमि 0.93 एकड़ में प्रस्तावित नवीन न्यायालय भवन का निर्माण, वर्तमान में संचालित हो रहे न्यायालय की संख्या, न्यायालय कक्ष एवं न्यायालय के अन्य महत्वपूर्ण अनुभाग को सम्मिलित करते हुए कराना संभव है या नहीं, के संबंध में प्रतिवेदन चाहा गया है। बताया गया है कि न्यायालय भवन के निर्माण हेतु कुल 3.522 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जिसमें वर्तमान में संचालित कोर्ट भवन, गुलाब कॉलोनी एवं अतिक्रमण भूमि शामिल है। वर्तमान में गुलाब कॉलोनी 0.84 एकड़ में निर्मित है। उक्त कॉलोनी का संपूर्ण भूमि प्राप्त होने पर 76.0 मीटर चौड़ाई व 45.0 मीटर गहराई प्राप्त होगी, परन्तु न्यायालय भवन का निर्माण प्रारंभ करने के लिए भवन हेतु कम से कम 80.0 मीटर चौड़ाई व भवन के दोनों तरफ 6-6 मीटर मिलाकर कुल 92.0 मीटर चौड़ाई एवं 45 मीटर गहराई की आवश्यकता होगी। ऐसे में आबंटित 0.93 एकड़ भूमि में प्रस्तावित न्यायालय भवन निर्माण संभव नहीं है।

### मुख्य न्यायाधीश से अधिवक्ताओं ने की थी मुलाकात

मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से 11 नवम्बर को जिला अधिवक्ता संघ एवं संघर्ष समिति सरगुजा, अंबिकापुर का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल मुलाकात किया था, और न्यायालय भवन निर्माण के लिए शहर से दूर ग्राम चठिरमा में कलेक्टर सरगुजा द्वारा भूमि आबंटित करने की जानकारी देकर, न्यायालय के स्थानांतरण से होने वाली असुविधा संबंधित तथ्यात्मक स्थिति से अवगत कराया था। अधिवक्ताओं की बात को सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने कलेक्टर सरगुजा से दूरभाष पर चर्चा करके गुलाब कॉलोनी को 15 दिन के अंदर खाली कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद राजस्व अमला बिना देरी किए हरकत में आया, और शासकीय मकानों को तोड़ने में भिड़ गया, जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

# लोक निर्माण विभाग के प्रभारी ने कहा- मानक अनुरूप नहीं हो रहा सड़क निर्माण

## शहर की जर्जर सड़कों के सुधार, निर्माण के नाम पर चल रही मनमानी से आक्रोश





पुरानी सड़क का धूल उड़ाकर नया निर्माण, वाहन चलने से उखड़ती सड़क का दिखा नजारा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर निगम क्षेत्र की जर्जर सड़कों को बेहतर बनाने के बजाए चल रही लीपापोती से आक्रोशित लोग सड़क पर आ गए। इनका कहना था कि सड़क सुधार, निर्माण के नाम पर लीपापोती करने का काम किया जा रहा है। पूरी बारिश जर्जर सड़कों का खामियाजा जनता ने भुगता, सड़कों का निर्माण तो शुरू हुआ लेकिन स्तर इतना कमजोर है कि दूसरे ही दिन सड़क उखड़ने लगी। मौके पर पहुंचे निगम के लोक निर्माण विभाग के प्रभारी ने भी स्वीकार किया, वास्तव में सड़क निर्माण में मानक का ख्याल ठेकेदार के द्वारा नहीं रखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन ने 13 नवम्बर के अंक में 'पुरानी सड़क का धूल उड़ाकर नया निर्माण, वाहन चलने से उखड़ती सड़क का दिखा नजारा, नगर निगम क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर लगा प्रश्नचिन्ह' शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था।

बता दें कि शहर में भाजपा कार्यालय के पास से सत्तीपारा होते हुए कैलाश मोड़ तक 800 मीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे इस कार्य में गुणवत्ता को ताक पर रखने के कारण स्थानीय लोग इसका विरोध करना शुरू कर दिए। नगर निगम क्षेत्र में जर्जर सड़क के कारण लोग पहले से ही काफी परेशान थे। बारिश के दिनों में लोगों को कीचड़ के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद जर्जर सड़क पर उड़ रही धूल ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया। यह परेशानी पूर्ववर्ती निगम सरकार के समय भी रही। इसका खामियाजा पूर्व निगम की सरकार को सत्ता परिवर्तन के रूप में भुगतना पड़ा। निगम की सत्ता में बदलाव के बाद अच्छी सड़क व नाली की उम्मीद बनी, लेकिन लोगों की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। निगम सरकार को इसके लिए काफी विरोध का सामना भी करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क को चकाचक करने के लिए प्रदेश सरकार ने 22 करोड़ रुपये निगम को दिया है। उक्त राशि से विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। प्राथमिकता के आधार पर निगम पहले चरण में भाजपा कार्यालय के समीप से गुजरने वाली सत्तीपारा से कैलाश मोड़ तक की सड़क का निर्माण करा रही है। 57 लाख रुपये से 800 मीटर की सड़क का निर्माण करना है। निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। जहां निर्माण किया गया है, वह इतना निम्न स्तर का है कि दूसरे दिन ही सड़क उखड़नी शुरू हो गई है। पुरानी सड़क को बिना उखाड़े निर्माण किया जा रहा है, वहीं डामर की मात्रा कम होने के कारण सड़क उखड़ने लगी है। हाथ से खरोचने पर असानी से सड़क का मटेरियल निकल जा रहा है। नेहरू वार्ड के पूर्व पार्षद बबन सोनी ने आरोप लगाया कि घटिया निर्माण का कारण कमीशनखोरी है।

### ठेकेदार को उखाड़कर बनाना पड़ेगा सड़क

नगर निमग के लोक निर्माण विभाग के प्रभारी मनीष सिंह स्थानीय लोगों के माध्यम से गुणवत्ताहीन काम से सवालों के घेरे में आई सड़क के नजारे को देखने स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क को देखकर कहा वास्तव में सड़क निर्माण का स्तर कमजोर है। उन्होंने कहा शहर की सड़क गुणवत्तापूर्ण बनेगी। गुणवत्ता में कमी होने पर ठेकेदार को उखाड़कर सड़क बनाना होगा। उन्होंने इंजीनियर को भी गुणवत्ता की जांच के लिए निर्देशित किया है।

# आधी बांह, हल्के रंगे के कपड़े, बिना पॉकेट का स्वेटर पहनकर देना होगा अमीन भर्ती परीक्षा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 दिसम्बर को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरगुजा जिला अंतर्गत 56 परीक्षा केन्द्रों में लगभग 18,779 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर विलास भोसकर ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने कहा है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 11.30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देंगे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़ा पहनना वर्जित होगा।

### जिले के 56 केंद्रों में होगी परीक्षा आयोजित, 18 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

साधारण स्वेटर, बिना पॉकेट का पहनने की अनुमति होगी। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु आधे बांह एवं हल्के रंग का बंधन नहीं है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई व अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पांइट पेन लेकर ही आएंगे।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 23 जनवरी 2026 को

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 14 नवम्बर, शुक्रवार को विकासखंड लखनपुर के ग्राम अरगोती में किया जाना था, अपरिहार्य कारणों से अब यह शिविर 23 जनवरी 2026 को आयोजित होगा। कलेक्टर विलास भोसकर ने जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के समस्त विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख को अनिवार्यत उपस्थित रहकर पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन करने कहा है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप हेतु आवेदन की तिथि 30 तक

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी 30 नवम्बर तक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप करने के लिए अपने दस्तावेज शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, जाति, निवास, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं फोटो के साथ जमा कर सकते हैं। इसमें वेल्डर का 1, विद्युतकार का 2, डीजल मैकेनिक का 3, मोटर मैकेनिक का 4 एवं फिटर के 5 व्यवसाय शामिल हैं।

# एसडीओ के घर में 2.27 लाख नकद के अलावा 52 लाख का एफडी मिला, जांच जारी

## एसीबी की टीम ने बुधवार को एक किसान से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के प्रेमनगर में आरईएस विभाग में पदस्थ एसडीओ ऋषिकांत तिवारी को एक किसान से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को देर शाम रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम ने इनके घर की तलाशी ली तो 2 लाख 27 हजार रुपये नकद, 52 लाख का फिक्स डिपाजिट, सोने-चांदी का जेवर, भूमि से संबंधित कागजात, बैंक खाते और बीमा योजनाओं में लाखों रुपये जमा पाए गए। एसीबी के अधिकारी और डिटेल निकालने में लगे हैं। गुरुवार को इन्हें सूरजपुर न्यायालय में पेश किया गया है। बता दें कि प्रेमनगर के नवापारा खुर्द निवासी डिसम्बर सिंह पिता स्व. काशीराम, निवासी ग्राम नवापारा खुर्द, मंहगई, प्रेमनगर की निजी भूमि पर प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत तालाब निर्माण की स्वीकृति चालू वर्ष जून माह में मिली थी। डिसम्बर सिंह ने 1 लाख 82 हजार रुपये का तालाब निर्माण कराया था। निर्माण कार्य का मूल्यांकन आरईएस विभाग में पदस्थ एसडीओ ऋषिकांत तिवारी को करना था। मूल्यांकन व रिपोर्ट तैयार करने के एवज में एसडीओ ने उससे 15 हजार रुपये की मांग की थी। काफी अनुरोध के बाद भी जब बात नहीं बनी तो वह भ्रष्टाचार को प्रोत्साहित करने के बजाए उक्त अधिकारी को सबक सिखाने की ठाना और इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में किया। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एसीबी की टीम ने ऋषिकांत तिवारी को रंगे हाथों ट्रैप करने की योजना बनाई। 12 नवंबर को देर शाम डिसम्बर सिंह को रिश्वत की रकम का लेनदेन करने के लिए अधिकारी ने अपने निवास पर बुलाया था। जैसे ही केमिकल लगा 15 हजार रुपये एसडीओ के हाथ में डिसम्बर सिंह दिया, पहले से मौजूद एसीबी की टीम उसे दबोच ली। एसीबी के डीएसपी प्रमोद कुमार खेस के नेतृत्व में टीम एसडीओ को लेकर उनके घर पहुंची और अग्रिम जांच कार्रवाई पूरी की।

### गाड़ाघाट शराब दुकान के पास से मोटरसायकल चोरी

**अंबिकापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ाघाट में स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से कुछ दूरी पर खड़ी मोटरसायकल को अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसायकल का पता नहीं चलने पर इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक कोरिया जिला के पटना थाना अंतर्गत ग्राम कटोरा का प्रमोद राजवाड़े पिता मोतीलाल राजवाड़े 24 वर्ष अपने ससुराल ग्राम पुहपुटरा लखनपुर में रहकर बौरीपारा में स्थित कम्पोजिट शराब दुकान में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। 11 नवम्बर की शाम को करीब 4.30 बजे वह अपने दोस्त राजेश के साथ मोटरसायकल क्रमांक सीजी 16 सीएस 5268 में गाड़ाघाट शराब दुकान गया था। शराब पीने के बाद जब वे आए तो मौके पर उनकी मोटरसायकल नहीं थी। रिपोर्ट पर पुलिस केस दर्ज कर ली है।



## वैध दस्तावेज न मिलने पर तीन पिकअप वाहनों के साथ 200 बोरी धान जब्त



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर नीर निधि नंदेहा ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से धान का परिवहन कर छत्तीसगढ़ राज्य में विक्रय एवं भंडारण के उद्देश्य से लाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि विगत रात्रि को संयुक्त टीम द्वारा 3 पिकअप वाहन पकड़े गए, जिनमें लगभग 200 बोरी अवैध धान भरा हुआ पाया गया। जांच के दौरान वाहनों के चालकों द्वारा किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।प्राथमिक जांच में यह पाया गया कि उक्त धान उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से बलरामपुर जिले के धान खरीदी केंद्रों या सहकारी समितियों में अधिक मूल्य पर विक्रय के उद्देश्य से लाया जा रहा था। इस पर राजस्व, मंडी तथा खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी प्रावधानों के अनुसार प्रकरण दर्ज किया। श्री नंदेहा ने बताया कि जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही प्रशासन की निगरानी और सघन जांच की कार्रवाई लगातार जारी है, ताकि राज्य में अन्य प्रदेशों से अवैध धान की आवाजाही और बिक्री पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र कपिलदेवपुर का किया निरीक्षण

## 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी की तैयारियों का लिया जायजा





**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने आगामी 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लेने विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत कपिलदेवपुर धान खरीदी केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बारदाने की उपलब्धता, टोकन वितरण, तौल व्यवस्था और किसानों की सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्राम बसेराकला की उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण कर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की जांच की और हितग्राहियों को पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्र में की गई तैयारियों, टोकन वितरण की स्थिति, बारदाने की उपलब्धता, तोलाई व्यवस्था तथा किसानों के लिए की गई मूलभूत सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर लें, ताकि धान खरीदी के प्रारंभ होते ही किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं तौल व्यवस्था, तौल मशीनों की शुद्धता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने तुंहर टोकन एप के माध्यम से किसानों को टोकन जारी करने की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केंद्रों में बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो, ताकि खरीदी कार्य बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, श्री सुनील गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान बसेरा कला का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर श्री कटारा ने ग्राम बसेरा कला स्थित उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर, हितग्राही सूची तथा वितरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने उपस्थित संचालक को राशन वितरण पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को खाद्यान्न समय पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि दुकान में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडारण रहे तथा वितरण के समय लाभार्थियों की ई-पॉस मशीन से बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करें।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकान में रखे सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की तथा लाभार्थियों से वितरण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत कर नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न मिल रहा है या नहीं कि जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने किसी प्रकार की अनियमितता होने पर हितग्राहियों से तत्काल प्रशासन को सूचित करने का आग्रह भी किया। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि शासन की मंशा है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से हर पात्र परिवार को गुणवत्तापूर्ण राशन मिले।

## ओपन स्कूल परीक्षा 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल की परीक्षाएं आयोजित की जानी है। जिसके लिए 17 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2025 तक परीक्षा तिथि निर्धारित की गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में उक्त परीक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक आयोजित होगी।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के द्वारा परीक्षा केन्द्र के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। जिसमें अनुविभागीय दण्डाधिकारी बलरामपुर को दल प्रभारी, सहायक संचालक शिक्षा विभाग एवं नायब तहसीलदार बलरामपुर को दल सदस्य बनाया गया है।

## चार छात्र करेंगे राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रतिभा का प्रदर्शन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के निर्देशन में प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का जोन स्तरीय आयोजन इस वर्ष शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर में गत दिनों संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले के चार विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए किया गया है। जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के कक्षा 12 वीं के छात्र अविनाश सिंह और नवल साय ने क्रमश: स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सतत कृषि विषय पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां के कक्षा 12 वीं के गीता सिंह ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सेजेस जयनगर से कक्षा 8 वीं के छात्र मोहम्मद आसिफ अंसारी ने उभरती प्रौद्योगिकियां विषय पर मॉडल के माध्यम से प्रस्तुति देंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जशपुर जिले में 12 से 15 नवंबर तक किया जाएगा। इस वर्ष का केंद्रीय विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत है, जिसके अंतर्गत सात उपविषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण एवं प्रबंधन शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों की खोज, नवाचार एवं रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित करना है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, डीएमसी मनोज कुमार साहू, सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव, प्राचार्य पीसी सोनी रामानुजनगर, मीरा सिंह करवां, वीरेंद्र जायसवाल सेजेस जयनगर एवं गाइड टीचर्स गोपाल सिंह, डॉ. निशा सिंह, फिजा सदफ तथा यशोदा पैकरा ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी है।




## डॉ. सुधा मिश्रा बनी महिलाओं की प्रेरणा स्त्रोत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉ. सुधा मिश्रा को हिंदी साहित्य में पीएचडी की उपाधि राज्यपाल महामहिम रामेन डेका के करकमलों से प्रदान की गई।
इस अवसर पर राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा भी उपस्थित रहे। डॉ. सुधा मिश्रा ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर से बीएड, मैट यूनिवर्सिटी रायपुर से योग में स्नातकोत्तर तथा रेवती रमण महाविद्यालय सूरजपुर से अंग्रेजी और हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधियां प्राप्त की हैं। वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ओएसडी डॉ. रविकांत मिश्रा की धर्मपत्नी तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सेवानिवृत्त अंग्रेजी विषय के व्याख्याता रतिपाल मिश्रा की पुत्रवधू हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सभी सदस्यों को दिया। गृहिणी होते हुए भी उन्होंने अपने घरेलू दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की है, जो प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनकी यह सफलता नारी सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है।



## कोल अधिकारियों की वेतन विसंगति पर जबलपुर हाईकोर्ट में 16 दिसंबर को अगली सुनवाई

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** लंबे समय से वेतन विसंगति की समस्या झेल रहे कोल अधिकारियों के लिए एक बार फिर उम्मीद की किरण जागी है। जबलपुर हाईकोर्ट में इस प्रकरण की सुनवाई अब 16 दिसंबर को होगी। यह मामला कोल अधिकारियों को महारत्न कंपनी के समान वेतनमान दिलाने से जुड़ा है, जिस पर वर्षों से संघर्ष जारी है।

ज्ञात हो कि पिछली सुनवाई 9 अक्टूबर को मुख्य न्यायाधीश संजय सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की बेंच में हुई। इस दौरान कोयला मंत्रालय की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन उपस्थित हुए और एक बार फिर समय की मांग की। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मंत्रालय को पहले ही कई बार पर्याप्त अवसर दिया जा चुका है। न्यायालय ने कहा कि 7 अप्रैल की सुनवाई में ही बेंच ने कोयला मंत्रालय द्वारा गठित कमेटी को 8 सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद 22 जुलाई को हुई सुनवाई में मंत्रालय ने कमेटी के निर्णय की जानकारी देने के लिए और समय मांगा था। फिर 17 सितंबर की सुनवाई में बताया गया कि कमेटी ने अपनी अनुशंसा कम्पीटेंट ऑथोरिटी को भेज दी है, लेकिन अब फिर से समय मांगे जाने पर बेंच ने टिप्पणी की है कि हम उम्मीद करते हैं कि अगली सुनवाई तक कम्पीटेंट ऑथोरिटी कमेटी की अनुशंसा पर निर्णय ले लेगी। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अब इस मुद्दे पर अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सूत्रों की मानें तो संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने कोल अधिकारियों को महारत्न कंपनी का वेतनमान देने की अनुशंसा की है। यह प्रस्ताव फिलहाल कोयला मंत्री के पास अंतिम निर्णय के लिए लंबित है और मंत्रालय इसे कैबिनेट से पारित कराने के प्रयास में है।

कोल अधिकारियों के संगठन ने उम्मीद जताई है कि आने वाली 16 दिसंबर की सुनवाई निर्णायक साबित हो सकती है। अगर मंत्रालय ने कोर्ट की अपेक्षा के अनुरूप निर्णय ले लिया, तो हजारों कोल अधिकारियों को वर्षों से लंबित वेतन विसंगति से मुक्ति मिल सकेगी। उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि कोल इंडिया जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में कार्यक्षमता और स्थिरता भी बढ़ेगी।

## जिसने जिंदगीभर अंधेरे में काम कर उजाला दिया, आज उसी के घर में बुझ चुकी हैं उम्मीदें

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के सेवानिवृत्त कोल कर्मी स्व. दूधनाथ सिंह के निधन को तीन वर्ष बीते गए, फिर भी उनकी विधवा पत्नी पेंशन से वंचित है। वृद्ध मां और लकवाग्रस्त बेटे की करुण कहानी ने पूरे गांव को भावुक कर दिया है। गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमपुर में पुरानी दीवारों और टूटी छतों के बीच एक ऐसा घर है जो अब सिर्फ खामोशी, दर्द और उम्मीद का प्रतीक बन चुका है। इस घर में रहती हैं प्यारो बाई, जो अब चल नहीं सकतीं, बोल नहीं सकतीं और शायद मुस्कुराना भी भूल चुकी हैं। उनकी कहानी किसी उपन्यास की नहीं, यह सच्चाई है उस व्यवस्था की, जिसने एक मेहनतकश परिवार को अपने ही हक के लिए तरसने पर मजबूर कर दिया। ज्ञात हो कि स्वर्गीय दूधनाथ सिंह, एसईसीएल के ओल्ड कुम्दा कॉलरी में कार्यरत थे। कोयले की कालिख और खदान की अंधेरी सुरंगों में उन्होंने अपने परिवार की जिंदगी रोशन की।वर्ष 2014 में वे सेवानिवृत्त हुए, और कुछ वर्षों तक उन्हें नियमित पेंशन मिलती रही। पर 13 जनवरी 2022 को बीमारी ने उनकी जिंदगी को छीन लिया।उनके दुनिया से जाने के बाद नियमों के तहत पत्नी प्यारो बाई को विधवा पेंशन मिलनी थी। आवेदन भी किया गया,



दस्तावेज भी जमा हुए, लेकिन आज तीन साल बाद भी वह पेंशन प्रक्रिया में है। विभागीय लापरवाही की एक दुखद मिशाल बनकर रह गई है। प्यारो बाई आज वृद्धावस्था और लकवे की बीमारी से पूरी तरह ग्रसित हैं। फिर भी उनकी आंखों में हर रोज एक उम्मीद चमकती है कि शायद आज पेंशन का पैसा मिल जाए। उनकी फाइल कई बार अधिकारियों की मेज पर पहुंची, लेकिन हर बार या तो किसी दस्तावेज की कमी बताई गई या अगले महीने की तारीख।प्यारो बाई की पूरी जिंदगी अब उनके बेटे तपेश्वर सिंह पर निर्भर थी। वे छोटे-छोटे काम करके परिवार का खर्च चलाते थे। गांव में सक्रिय समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे। वे भाजपा बूथ क्रमांक 243 के बूथ अध्यक्ष और वार्ड पंच हैं। दूसरों की मदद करना उनका स्वभाव था। सितंबर 2025 में अचानक किस्मत ने उनसे भी सब कुछ छीन लिया और तपेश्वर को लकवा मार गया। अब एक ही घर में दो पीढ़ियां बिस्तर पर हैं। एक मां जो चल नहीं सकती और एक बेटा जो अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सकता। घर में तीन छोटे बच्चे हैं, जिनकी आंखों में बचपन की चमक के साथ अब भूख और डर की छाया भी दिखाई देती है।घर की हालत देखकर कोई भी भावुक हो जाए। छत टपकती है, दीवारें झड़ रही हैं। कभी तपेश्वर गांव में दूसरों को सहयोग देते थे, आज वही परिवार दूसरों के सहयोग से अपना दिन काट रहा है। दवाइयों के लिए पैसे नहीं और रोजमर्रा का खर्च एक बोझ बन चुका है। गांव के एक बुजुर्ग ने कहा कि यह वही परिवार है जो दूसरों के लिए हमेशा खड़ा रहता था। आज जब इन्हें सहारे की जरूरत है, तो सिस्टम मौन है। दूधनाथ सिंह की विधवा को मिलने वाली पेंशन की फाइल तीन साल से एसईसीएल के दफ्तरों में इधर-उधर घूम रही है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन से इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।
ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय उदासीनता ने एक पूरा परिवार तबाह कर दिया है। अगर समय रहते पेंशन मिल गई होती, तो शायद तपेश्वर की हालत भी इतनी नहीं बिगड़ती। प्यारो बाई कहती हैं कि बस पेंशन मिल जाए बेटा ताकि बच्चों का पेट भर सकें।

## कलेक्टर ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का अवलोकन

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत मतदान केंद्र चलगली पहुंचकर मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) से चर्चा कर विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति तथा गणना पत्रक वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री कटारा ने निर्देश देते हुए कहा कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि आगामी निर्वाचन के लिए शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची तैयार हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में अवश्य दर्ज हो, इसके लिए घर-घर जाकर गणना पत्रक का मिलान कर जानकारी प्राप्त करें। साथ ही जागरूकता संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए।
इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कटरा ने मतदाताओं से अपील की है कि 4 दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से गणना पत्रक भरकर अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करें। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज स्वयं की अथवा माता पिता की जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने बीएलओ सहयोग ले सकते हैं।

## हड़ताल से निपटने शासन स्तर पर धान खरीदी की नई व्यवस्था

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर समिति प्रबंधक गत तीन नवंबर से हड़ताल पर हैं। इधर 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू होना है। धान खरीदी व्यवस्था निर्धारित समय पर शुरू करने शासन स्तर पर नई व्यवस्था दी गई है। 12 नवंबर को कलेक्टर सूरजपुर ने छग शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र और वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्राप्त निर्देशों के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समिति स्तर पर प्रभारी समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग पद के अधिकारियों की नियुक्ति धान खरीदी प्रभारी के रूप में की गई है। जिले में कुल 54 समितियों में कलेक्टर ने अधिकारियों की नियुक्ति कर इसकी सूची जारी कर दी है। जिसमें केशवनगर धान खरीदी केंद्र में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा, कंदरई में प्रभा तिर्की, रामनगर में सहकारी निरीक्षक महेंद्र राजवाड़े, मानी में कौशलेंद्र सिंह, जयनगर में हेमंत सिंह ओरकरा, सिलफिली में कुमार संभव यादव, लटोरी में मंजुला रानी तिग्गा, कल्याणपुर में देवांशू जायसवाल, कसलगिरी रविन्द्र कुमार ब्यास समिति में प्रभारी अधिकारी के रूप में धान खरीदी की व्यवस्था देखेंगे।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने हर किसान से 21 क्विंटल धान 31 रुपए किलो के भाव से खरीदने का निर्णय लिया है। धान खरीदी का कार्य दो दिन बाद पंद्रह नवंबर से 31 जनवरी तक चलेगा। शासन स्तर पर धान खरीदी को लेकर इस बार कड़ी निगरानी रखी गई है गिरदावरी से लेकर बाहर के धान समितियों तक नहीं पहुंच पाए इसके लिए कड़ी निगरानी की जा रही है।

## लौह पुरुष की जयंती पर निकलेगा यूनिटी मार्च

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति, सामाजिक समरसता, भाईचारा एकता को मजबूत करना है। यूनिटी मार्च तीनों विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 14 नवंबर को प्रतापपुर एवं रामानुजगंज क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होगा।

विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर में वाड्रफनगर प्रेमनगर चौक में 9 बजे से एकत्रीकरण, 9:30 बजे शिवमंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना, 9:40 भोदर मोड़ में स्वागत, 10 बजे जमई मोड़ में स्वागत एवं पुष्प वर्षा, 10:20 में जमई शिव चबूतरा में पूजा अर्चना, 10:40 में बसन्तपुर झारा पारा में धान कटाई, 10:50 में बसन्तपुर बनारस मार्ग में स्वागत, 11:20 में बसन्तपुर अस्पताल परिसर में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण, 11:40 में बसंतपुर धान खरीदी परिसरसभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 12:30 में बसंतपुर से बलरामपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तत्पश्चात 3 बजे हनुमान मंदिर के पास एकत्रीकरण, 3:10 में शहीद पार्क चांदो चौक शहीदों को पुष्पांजलि, 3:30 में हिंदू चौक दहेजवार में स्वागत एवं पुष्प वर्षा, 3:45 में माता समलाई मंदिर पुरानडीह चौक में पूजा अर्चना एवं वृक्षारोपण, 4:20 में रानी दुर्गावती फ्युल्स के सामने धान बोझा बांधना एवं उठाना, 4:45 में सरनाडीह अटल चौक में अटल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं स्वच्छता, 5 बजे सरनाडीह पंचायत भवन में आमसभा, शाम 6 बजे पंचायत भवन में स्थानीय लोगों से भेंट मुलाकात एवं चर्चा होगी।

### सामरी विधानसभा में 16 नवम्बर को होगा आयोजन

इसी प्रकार विधानसभा सामरी में 16 नवम्बर को 9रू 30बजे महामाया मंदिर राजपुर में एकत्रीकरण, गांधी चौक में 10 बजे गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, 10:30 बजे अग्रसेन चौक में स्वागत, 11:30 बजे बुढ़ा बगीचा हाई स्कूल मैदान में आमसभा, दोपहर 12.30 बजे ग्राम लडुवा में वृक्षारोपण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अपील की है कि यूनिटी मार्च में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर सक्रिय भागीदारी निभाएं और राष्ट्र के प्रति एकता का संदेश दें।

# वेल्डिंग दुकान में अस्पताल! बिना डिग्री लोगों का इलाज कर रहा झोलाछाप डॉक्टर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर। सरगुजा जिले के लखनपुर क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां गौहर अली नामक झोलाछाप डॉक्टर ने वेल्डिंग की दुकान के अंदर ही फर्जी अस्पताल खोल रखा था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि तीन कमरों में बेड लगाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है, वह भी बिना किसी चिकित्सकीय योग्यता या पंजीकरण के।




## बिना डिग्री के भर्ती मरीजों का इलाज

जानकारी के मुताबिक, गौहर अली बिना किसी मेडिकल डिग्री या मान्यता के मरीजों को भर्ती कर इलाज और दवाएं दे रहा था। बताया गया है कि हर दिन दर्जनों लोग इस कथित अस्पताल में इलाज कराने पहुंचते थे। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, झोलाछाप डॉक्टर के गलत दवा उपचार से कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो चुकी है।

## विधायक के घर से सिर्फ 100 मीटर की दूरी

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह फर्जी अस्पताल स्थानीय विधायक के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर चल रहा था। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टरों को अफसरों और नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे बेखौफ मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

## पहले भी झोलाछाप डॉक्टरों से गई हैं कई जानें

सरगुजा जिले में पहले भी ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता पर अब सवाल उठ रहे हैं।

## नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग

वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि गौहर अली के खिलाफ धोखाधड़ी, अवैध चिकित्सा अभ्यास और जनजीवन को खतरे में डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज की जाए और ऐसे फर्जी अस्पतालों पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# जरही के पूर्व पार्षद रवि महंत बने युवा कांग्रेस सूरजपुर के जिला उपाध्यक्ष

## क्षेत्र में हर्ष की लहर, युवाओं में दिखा उत्साह, संगठन को मिलेगी नई दिशा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जरही। जिले की युवा राजनीति में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। जरही नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 के पूर्व पार्षद रवि महंत को युवा कांग्रेस सूरजपुर का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व द्वारा की गई इस घोषणा से पूरे जिले में हर्ष और उत्साह का माहौल है। रवि महंत लंबे समय से कांग्रेस संगठन के प्रति समर्पित रहकर जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। सामाजिक कार्यों में उनकी निरंतर भागीदारी और युवाओं के बीच लोकप्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति को युवा कार्यकताओं ने पार्टी संगठन में नई ऊर्जा के रूप में देखा है।

स्थानीय कार्यकताओं का कहना है कि रवि महंत का नेतृत्व संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। रवि महंत ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि- ₹मैं पार्टी नेतृत्व का आभारी हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मेरा लक्ष्य है कि युवा कांग्रेस को गांव-गांव तक सक्रिय कर युवाओं की आवाज को मजबूती से आगे बढ़ाया जाए।₹ उनकी इस उपलब्धि पर नगर पंचायत जरही एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है। समर्थकों का कहना है कि रवि महंत हमेशा से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुखर रहे हैं और समाजसेवा में उनकी गहरी रुचि रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी यह नियुक्ति न केवल सूरजपुर जिले की युवा कांग्रेस को नई दिशा देगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन की पकड़ को भी मजबूत करेगी।

# जशपुर सूटकेस कांड की मुख्य आरोपी मनमाड़ से गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



जशपुर। जशपुर जिले के भिंजपुर गाँव में पति की हत्या कर शव को सूटकेस में बंद करने वाली महिला पुलिस के हत्थे चढ़ गई। 9 नवंबर को संतोष भगत की लाश उसके ही घर में सूटकेस से बरामद की गई थी। पुलिस ने जांच के बाद मृतक की पत्नी मंगरीता भगत को हत्या का आरोपी चिन्हित किया, जो घटना के बाद से फरार चल रही थी। मामला दुलदुला थाना क्षेत्र का है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में गठित टीम ने आरोपियों का पीछा करते हुए उसे महाराष्ट्र के मनमाड़ जंक्शन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी में जीआरपी एसपी श्वेता सिन्हा, डीएसपी अख्तर और आरपीएफ की टीम का अहम योगदान रहा है।

## चरित्र शक को लेकर होता था विवाद

इसी दौरान पूछताछ में मंगरीता ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि, पति-पत्नी के बीच चरित्र शक को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। 9 नवंबर को उसी बात को लेकर फिर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद गुस्से में आकर उसने शील पट्टा (पत्थर) से वार कर पति को मौत के घाट उतारा दिया और शव को सूटकेस में छिपा दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# हाईकोर्ट की फटकार के बाद 9 साल पुराना केस 24 घंटे में बंद

## डीजीपी ने खुद दाखिल किया हलफनामा, 7 अफसरों पर कार्रवाई

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सख्त नाराजगी के बाद राज्य पुलिस मुख्यालय ने एक 9 साल पुराने आपराधिक मामले में अभूतपूर्व तेजी दिखाई है। हाईकोर्ट से फटकार लगने के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने साक्ष्य के अभाव में केस बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने खुद अदालत में व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। साथ ही, जांच में देरी और लापरवाही बरतने के लिए 7 पुलिस अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।



## मामला क्या है

यह मामला वर्ष 2016 का है। याचिकाकर्ता लखनलाल वर्मा के खिलाफ अंबिकापुर थाने में धारा 384, 502, 504 और 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। लखनलाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उनके दो सह-आरोपी पहले ही बरी हो चुके हैं, लेकिन पुलिस जानबूझकर उनके खिलाफ जांच लंबित रखे हुए है।

## हाईकोर्ट का सख्त रुख

हाईकोर्ट ने 6 नवंबर 2025 डीजीपी को आदेश दिया था कि वह व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें और बताएं कि 9 साल से लंबित जांच में इतनी देरी क्यों हुई, तथा संबंधित अफसरों पर क्या कार्रवाई की गई।

## डीजीपी ने सौंपी रिपोर्ट, 7 अधिकारियों पर कार्रवाई

हाईकोर्ट के निर्देश मिलते ही डीजीपी अरुण देव गौतम ने मामले की समीक्षा कर पुलिस मुख्यालय से रिपोर्ट तैयार करवाई। रिपोर्ट में देरी के लिए जिम्मेदार अफसरों पर निम्न कार्रवाई की गईः 6 उपनिरीक्षक, नरेश चौहान, विनय सिंह, मनीष सिंह परिहार, प्रियेश जॉन, नरेश साहू, वंश नारायण शर्मा की 1 वर्ष की वेतन वृद्धि रोकी गई।

## जांच में नहीं मिले साक्ष्य, केस बंद करने की प्रक्रिया शुरू

अपने हलफनामे में डीजीपी ने कहा कि जांच के दौरान कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला। इसलिए अब मामले में धारा 169 सीआरपीसी के तहत अंतिम रिपोर्ट विचारण न्यायालय में प्रस्तुत की जा रही है। उन्होंने अदालत को भरोसा दिलाया कि हाईकोर्ट के सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया गया है। हाईकोर्ट की सख्त फटकार के बाद यह केस केवल 24 घंटे में बंद करने की प्रक्रिया में पहुंच गया।

# ईडी ने चैतन्य बघेल की 61 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये की संपत्ति ईडी ने कुर्क कर दी है। जब्त संपत्तियों में 384 प्लॉट जिसकी कीमत 59.96 करोड़ रुपये और 1.24 करोड़ रुपये बैंक बैलेंस शामिल हैं। गुरुवार को ईडी ने प्रेस रिलीज कर इसकी जानकारी दी। ईडी ने बताया कि, रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जाँच के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 10/11/2025 को चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। कुर्क की गई संपत्तियों में 364 आवासीय भूखंडों और कृषि भूमि के रूप में 59.96 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियाँ शामिल हैं. इसके साथ ही बैंक बैलेंस और एफडी के रूप में 1.24 करोड़ रुपये मूल्य की चल संपत्तियाँ भी शामिल हैं।

## 2500 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

ईडी ने छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले में आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जाँच शुरू की। पुलिस जाँच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और



अनुसूचित अपराधों से अर्जित 2500 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय (पीओसी) से लाभार्थियों की जेबें भरी गईं। पीएमएलए के तहत की गई जाँच से पता चला है कि भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल शराब सिंडिकेट के शीर्ष पर तैनात थे।

## सीएम के बेटे होने का उठाया फायदा

मुख्यमंत्री के पुत्र होने के नाते, उन्हें शराब सिंडिकेट का नियंत्रक और अंतिम अधिकारी बनाया गया था। वह सिंडिकेट द्वारा एकत्र की गई सभी अवैध धनराशि का ₹हिसाब₹ (हिसाब) बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार थे। ऐसी धनराशि (पीओसी) के संग्रह, चैनलाइजेशन और वितरण से संबंधित सभी बड़े फैसले उनके निर्देशों के तहत लिए जाते थे।ईडी की जाँच से यह भी पता चला कि वह पीओसी के प्राप्तकर्ता थे, जिसे उन्होंने अपने रियल एस्टेट व्यवसाय के माध्यम से बढ़ाया और बेदाग संपत्ति के रूप में पेश किया। चैतन्य बघेल ने शराब घोटाले से प्राप्त पीओसी का उपयोग अपनी स्वामित्व वाली कंपनी मेसर्स बघेल डेवलपर्स के तहत अपनी रियल एस्टेट परियोजना ₹विट्ठल ग्रीन₹ के विकास के लिए किया। चैतन्य बघेल को ईडी ने 18.07.2025 को गिरफ्तार किया था और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं।

## इनकी सम्पत्तियां भी की जा चुकी हैं कुर्क

इससे पहले, इस मामले में अनिल टुटेजा (पूर्व आईएएस), अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी (आईटीएस) और कवासी लखमा (विधायक और छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी मंत्री) को ईडी ने गिरफ्तार किया था। यह बताना उचित होगा कि 61.20 करोड़ रुपये की वर्तमान कुर्की, लगभग 215 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों की पूर्व में की गई कुर्की का ही एक हिस्सा है। आगे की जाँच जारी है।

# स्वर्णकार वेल्फेयर एसोसिएशन सहित समाज के अन्य संगठनों ने आईजी को किया सम्मानित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अंबिकापुर। राजेश ज्वेलर्स रामानुजगंज में सितम्बर 2024 में दिन-दहाड़े हुई सबसे बड़ी डकैती की वारदात में शामिल आरोपियों को रामानुजगंज और बलरामपुर जिला पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया था। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज व एसपी बलरामपुर ने स्वयं पुलिस महकमे का मार्गदर्शन करते हुए डकैतों से सामान बरामद किया और न्यायालय में तत्काल चालान पेश करवाया। इधर न्यायालय की संपूर्ण कार्रवाई में तत्परता दिखाते हुए लगभग 14 माह में सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। डकैती कांड में तत्काल मिले न्याय से समस्त स्वर्णकार समाज में हर्ष का माहौल है। इसी क्रम में स्वर्णकार वेलफेयर छत्तीसगढ़, सरगुजा स्वर्णकार समाज एवं सरार्फा एसोसिएशन सरगुजा के पदाधिकारियों ने सरगुजा रेंज के आईजी दीपक कुमार झा से मिलकर बलरामपुर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना की और साल, श्रीफल से सम्मानित करके आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्वर्णकार वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.डीके सोनी, उपाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, सरगुजा स्वर्णकार समाज के सचिव निलेश सोनी, उपाध्यक्ष गोप सोनी, शालिग्राम सोनी, दीपक सोनी, नवनीत सोनी, सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सोनी, हरिओम, हैप्पी सोनी, राजेश सोनी गहना ज्वेलर्स, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# दीदी की गोठ के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का आयोजन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अम्बिकापुर। अम्बिकापुर विकासखण्ड के असोला में दीदी की गोठ के लाइव प्रसारण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महराज, लूण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसौदिया, भारत सिंह सिसौदिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रेरक गोठ सुनीं और बिहान योजना के माध्यम से ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को लेकर साझा किए जा रहे अनुभवों से प्रेरणा ली। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महराज ने कहा दीदी की गोठ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह महिलाओं की आत्मनिर्भरता की यात्रा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं अपने परिश्रम से गांवों की तस्वीर बदल रही हैं। दीदी की गोठ कार्यक्रम में शामिल जय मां शेरा वाली स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती इलिमा राय ने बताया कि वह वर्ष 2014 से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर पशु सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। अब तक उन्होंने लगभग 5000 पशुओं की डीवार्मिंग और टीकाकरण किया है तथा गांवों में पशुधन स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि बिहान योजना ने उन्हें न केवल आर्थिक रूप से सशक्त किया, बल्कि समाज में सम्मान और आत्मविश्वास भी प्रदान किया। दीदी की गोठ कार्यक्रम के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाएं की कहानी उन्हीं की जुबांनी सुन कर अन्य महिलाएं प्रेरित हो रही है, बल्कि आगे बढ़कर समाज में बदलाव की धारा भी लिख रही हैं।

# जंगल से निकलकर रोड पर पहुंचे 25 हाथी, कई गांवों में अलर्ट



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायगढ़। जिले में पिछले दो दिनों से घरघोड़ा-रायगढ़ रोड पर हाथियों का झूंड आ रहा है। हाथी जंगल से निकलकर रोड पर काफी देर तक चहलकदमी करते हैं। इसके कुछ देर बाद वापस जंगल की ओर चले जा रहे हैं। इसमें नर-मादा के साथ शावक भी हैं। 12 नवंबर की शाम हर दिन की तरह इस रोड पर लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। ट्रक-डंपर के साथ बाइक सवार भी इस रोड से गुजर रहे थे, लेकिन तकरीबन साढ़े चार बजे 25 हाथियों का झुंड सामारूमा के जंगल से निकलकर रोड पर आ गया। जिसके बाद दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। हाथियों के दल की जानकारी वन अमले को लगी, तो मौके पर वनकर्मी और काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गए। इसके बाद दोनों ओर से वाहनों को रोक दिया गया। हाथी का झुंड काफी देर तक घरघोड़ा-रायगढ़ मेन रोड पर खड़ा रहा। कुछ हाथी सड़क नीचे तो कुछ ऊपर थे। इस दौरान लोगों न उनका वीडियो भी बनाया। इसके बाद वे वापस जंगल की ओर चले गए। बताया जा रहा है कि 11 नवंबर की शाम को भी यही हाथी का दल सड़क पर काफी देर तक खड़ा रहा।

# शराब घोटाले में फंसे आबकारी अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर/नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के चर्चित दो हजार करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले में फंसे आबकारी विभाग के अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। अदालत ने उन्हें जरूरी शर्तों के साथ स्थायी जमानत प्रदान की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सभी आरोपी अधिकारी दो सप्ताह के भीतर ट्रायल कोर्ट के समक्ष अपना पासपोर्ट सरेंडर करेंगे और राज्य की सीमाओं से बाहर जाने से पहले कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। डिवीजन बेंच-जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची- ने यह आदेश गुरुवार को सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि गैर-हाजिरी को जमानत शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा, और यदि किसी अधिकारी ने जांच में सहयोग नहीं किया या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की, तो जमानत रद्द की जा सकती है।

## जांच में सहयोग करना अनिवार्य

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आबकारी अधिकारी जांच अधिकारी के बुलावे पर उपस्थित रहेंगे और यदि जांच के दौरान कोई अतिरिक्त चार्जशीट दाखिल होती है, तो उसमें पूरा सहयोग देना होगा। साथ ही, सभी याचिकाकताओं को अपने मोबाइल नंबर जांच एजेंसी को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके।

## कवासी लखमा की याचिका पर दो सप्ताह बाद सुनवाई

शराब घोटाले के एक अन्य आरोपी, पूर्व आबकारी मंत्री व कोंटा विधायक कवासी लखमा की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट दो सप्ताह बाद सुनवाई करेगा।

## सम्पादकीय

# आतंकी किसी भी तरह से दहशत फैलाने पर आमादा

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, साफ होता जा रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की नापाक साजिश के पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ है और इसके तार कश्मीर घाटी से जुड़े हुए हैं। कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी होने के कारण आतंकी वहां कोई हरकत करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे तो इन्होंने उत्तर भारत में दहशतगर्दी को अंजाम की साजिश रची। हालांकि हमारे सुरक्षा सुरक्षा बलों ने फरीदाबाद, सहारनपुर में छापे मारकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर लिया था और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के करीब थे तभी आतंकी आकाओं ने दिल्ली में धमाके को अंजाम दे दिया। जांच में पता चला है कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद से तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। माना जा रहा है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं। फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। आतंकी हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से भारत की शांति को भंग किया जाए। इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं और ये धमाके फरीदाबाद मॉड्यूल का ही कारनामा है। इसमें कई डॉक्टरों के शामिल होने की वजह से इसे 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' भी कहा जा रहा है। अब ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि मॉड्यूल का असली मास्टरमाइंड मौलवी इरफान अहमद है, जो कि जम्मू और कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इस आतंकी मॉड्यूल में जितने भी डॉक्टर शामिल हैं, उन सबको मौलवी इरफान ने ही कट्टरपंथी बनाया है। वह श्रीनगर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल था और सभी स्टूडेंट्स से लगातार संपर्क में था। वह नौगाम मस्जिद का इमाम भी था। कहा जा रहा है कि वह जैश-ए-मोहम्मद से प्रेरित है और छात्रों को उसके वीडियो दिखाता रहता था। वह अफगानिस्तान में किसी से वीओआईपी पर बातें भी करता था।' जानकारी के उसका काम यह सुनिश्चित करना था कि छात्र कट्टर बनें और डॉक्टर मुजम्मिल शकील और डॉक्टर मोहम्मद उमर, इरफान के इसी काम को आगे बढ़ाने में लगे हुए थे। जिसे अब फरीदाबाद मॉड्यूल कहा जा रहा है, उसकी जांच 27 अक्टूबर को श्रीनगर के नौगाम में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन वाले पोस्टर सामने आने के साथ शुरू हुई थी। इस मामले में पहले तीन ग्राउंड वर्कर धरे गए थे, जो एक जमाने में श्रीनगर में पत्थरबाजी का काम करते थे। उन्होंने ही पुलिस को मौलवी इरफान अहमद तक पहुंचाया। मौलवी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने डॉ. अदील अहमद राथर और जमीर अहनगर को गिरफ्तार किया। हालांकि अभी जांच एजेंसियों ने कोई खुलासा नहीं किया है। वे हर कड़ी को जोड़ने के काम में लगी हैं। इतना तो साफ है कि दहशतगर्दों का इरादा भारत में अशांति फैलाने का है। हम सबसे इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सुरक्षा बल तो अपना काम कर रहे हैं। देश का हर नागरिक अगर सतर्क होगा तो आतंकी मनसूबे कामयाब नहीं हो पाएंगे।



वारदात
डॉ. रमेश ठाकुर

# दिल्ली ब्लास्ट हादसा या साजिश

> दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी? सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है।

ब्लास्ट होने के महज कुछ घंटों पहले दिल्ली से सटे 47 किलोमीटर दूर फरीदाबाद में संदिग्धों के घरों से हथियारों का भारी मात्रा में जखीरा मिलना और सैकड़ों किलो आरडीएक्स की बरामदगी घटना से संबंध जुड़ने की ओर इशारा करती है? बेशक घटना को अभी आतंकी या फिदायीन हरकत करार न दी गई हो? पर, हमले का मॉड्यूल बहुत कुछ कहता है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसियां, एनआईए और एनएसजी फिलहाल हर एंगल से कड़ियों को जोड़ने में लगी है। खुदा-ना-खास्ता अगर ये आतंकियों की हरकतें निकली, तो समझ लेना चाहिए कि अब उन्होंने अपने मंसूबों को अंजाम देने वाले तरीकों में बदलाव कर लिया है। दिन में आतंकी नेटवर्क का पकड़ा जाना और देर शाम को धमाका हो जाने की थ्योरी पर सभी अचंभित हैं। दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी?

घटना के समय चारों तरफ भगदड़ मचना, चीख-पुकार का तेज शोर व विस्फोटक चिंगारियों से मेट्रो स्टेशन के शीशों का चटाचट टूटना और ब्लास्ट वाली कार का एक गेट करीब 90 मीटर दूर जाकर गिरने के मंजर को देखकर प्रत्यक्षदर्शी, राहगीर और दुकानदार सहम से गए। लोग दुकानों में छिप गए, गाड़ियों की आड़ लेकर बैठ गए। ब्लास्ट वाली जगह पर चौबीसों घंटे लोगों की चहल-पहल रहती है। एशिया का सबसे बड़ा बाजार भी वहीं है, इसलिए उसे व्यस्तम इलाकों में गिना जाता है। लालकिले के बाहरी हिस्से में लाखों लोगों की प्रतिदिन आवाजाही रहती है। गनीमत ये रही कि सोमवार का दिन था, अमूमन दुकानें बंद रहती हैं। वरना, इस भयभीत मंजर में भगदड़ मचने से और भी बड़ी घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जैसे अचानक से धरती फट गई हो और आसमान पूरा लाल हो गया हो? लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर किसी का हाथ पड़ा था तो किसी की कटी हुई गर्दन? जलते मांस के टुकड़ों से आती गंध ने और ज्यादा मंजर डरावना कर दिया। कुछ मिनट तक लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है? दिल्ली सत्ता का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से प्रतीक भी माना जाता है।

बहरहाल, फिदायीन हमले की आशंका है जिसको मद्देनजर रखकर ही एनआईए और एनएसजी जांच में जुटी है। क्योंकि ऐसे हमलों की खुफिया जानकारियां उन्हें पूर्व से प्राप्त हैं। तकरीबन इस तरह के हमले विस्फोटक पदार्थों से ही किए जाते हैं जिसका पुलवामा कांड सबसे बड़ा उदाहरण है। इंटेलिजेंस को अगस्त से ही इनपुट मिल चुके थे कि जम्मू के रास्ते कुछ आतंकी देश में प्रवेश कर चुके हैं जो कहीं न कहीं बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्हें डिटेन करने में तमाम खुफिया एजेंसी सक्रिय थीं। लेकिन सटीक जानकारियों का अभाव रहा। हालांकि, हथियार और आरडीएक्स को बरामद करने में सफलता जरूर मिली। पर, कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं और उनका घटनाई मॉड्यूल क्या है? आदि की जानकारी से हाथ खाली रहा। मौजूदा



घटना के तह तक जाने की जरूरत है। देशवासियों को इसलिए बताना चाहिए, ताकि नागरिक खुद से भी सतर्क हो सकें। ऐसी घटनाओं पर समय रहते अगर प्रतिबंध नहीं हुआ, तो आतंकियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे। घटना में हरियाणा की एचआर-26, 7624 नंबर की आई-20 जो कार प्रयुक्त हुई है उसकी पहचान जांच एजेंसियों ने कर ली है। कार का मालिक फरीदाबाद निवासी कोई मोहम्मद सलमान नाम का है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। कुछ महीने पहले उसने उस कार को सेकंड हैंड किसी से खरीदी थी।

निश्चित रूप कार के जरिए बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। कार का इसी साल सितंबर में गलत पार्किंग को लेकर फरीदाबाद में चालान भी कटा था। घटना के वक्त कार में तीन लोगों के होने की आशंका जताई गई, जो थे उनके चिथड़े उड़ चुके हैं। कार में वांछित डॉ. उमर मोहम्मद के होने की भी आशंका है, वहीं उमर जिसके घर से घटना के कुछ घंटों पहले हथियारों का जखीरा और आरडीएक्स बरामद हुआ था। कार से बरामद शव उस हालत में नहीं हैं जिनकी शिनाख्त की जाए, डीएनए जांच से ही उनकी पुष्टि हो सकेगी। घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ खड़े हुए हैं। जैसे, कि ब्लास्ट होने की भनक भारतीय खुफिया एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? घटना केंद्र सरकार और स्थानीय सरकार के बिल्कुल नाक के नीचे घटी। पुलिस को ब्लास्ट की सूचना 6 बजकर 52 मिनट पर मिली। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के बा-मुश्किल 20-25 मीटर दूरी पर लाल बत्ती पर एक स्लो मोशन कार आती है और ब्लास्ट हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है। आईबी के पास सूचनाएं हैं कि ऐसी घटनाएं कुछ राज्यों में भी घट सकती हैं। इसलिए एहतियातन केंद्र सरकार ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में अलर्ट जारी किया है। 2025 हादसों के लिए जाना जाएगा। कोई ऐसा महीना नहीं बीता, जब देश में कोई बड़ी घटना न घटी हो? कहीं भगदड़, तो कहीं कुदरती आपदाएं। झकझोर देने वाला पहलगाम हमला भी शामिल है। फिलहाल, दिल्ली में ब्लास्ट के बाद गृहमंत्रालय में आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें एनएसए चीफ अजीत डोभाल के अलावा सुरक्षातंत्र से जुड़े आलाधिकारी शामिल हुए। बैठकों का दौर जारी है। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर गृह मंत्रालय में बैठक में सभी अधिकारियों को गृहमंत्री ने दिए निर्देश कि इस घटना में शामिल कोई दोषी नहीं बचना चाहिए।

सवाल उठता है कि सांप निकल जाने के बाद डंडा फटकारने का क्या तुक? घटना में 11 लोगों के मरने और 24 के घायल होने के आंकड़ों को प्रशासन ने जारी किया है। आंकड़े बढ़ सकते हैं। कब तक बेकसूर लोग अपनी जानें ब्लास्ट जैसी घटनाओं में देते रहेंगे? अमन-शांति के हुकूमती नारे धरातल पर कब उतरेंगे, कौनसी घड़ी आएगी जब ये सब होगा? ऐसे सवाल प्रत्येक भारतीयों के मन में उठने लगे हैं। फिलहाल, दिल्ली पुलिस सहारनपुर, फरीदाबाद और गुजरात के कनेक्शन की भी जांच कर रही है। बताया गया है कि दिल्ली ब्लास्ट में साजिश के मास्टरमाइंड डॉक्टर उमर की मौत हो गई है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने डॉक्टर उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा कि हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चुनाव प्रक्रिया
सोनम लववंशी



# अंगुली की स्याही और लोकतंत्र की चेतना!

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यहां अंतिम निर्णय जनता करती है। सरकारें बनती हैं, गिरती हैं, और समय के साथ बदल भी जाती हैं, लेकिन मतदाता का निर्णय ही अंततः सर्वोपरि माना जाता है। इसलिए जब चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग या ईवीएम पर संदेह प्रकट किया जाता है, तो यह संदेह वस्तुतः जनता के विवेक और उसके निर्णय पर उठाया गया प्रश्न होता है। बीते एक दशक के राजनीतिक विमर्श में यह प्रवृत्ति स्पष्ट दिखी है कि राजनीतिक पराजय का कारण आत्ममंथन से नहीं, बल्कि मशीनों और व्यवस्थाओं में खोजा जाने लगा है। यह प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र की संस्कृति को क्षीण करती है, क्योंकि वह जनता को निर्णयकर्ता नहीं, किसी अदृश्य षड्यंत्र की शिकार भीड़ के रूप में प्रस्तुत करती है। राहुल गांधी की हालिया राजनीतिक रणनीति इसी दिशा में आगे बढ़ती दिखाई देती है। वे समाज में 90 फीसदी बनाम 10 फीसदी की रेखा खींचते हैं, और यह रेखा केवल सांख्यिकीय नहीं भावनात्मक विभाजन की है। उनका यह कहना कि भारत की 90 फीसदी आबादी ओबीसी, एससी-एसटी है और सत्ता केवल कुछ 'सवर्ण वर्ग' के पास है, सुनने में आकर्षक नारा तो हो सकता है, लेकिन यह सामाजिक संरचना की जटिलताओं को जानबूझकर सरलीकृत करता है। यह आंकड़ों और इतिहास की अनदेखी करके वर्गीय द्वेष को वैचारिक रूप देने का प्रयास है और यही इसकी खतरनाक प्रकृति है। दरअसल सत्ता का संघर्ष लोकतंत्र में स्वाभाविक है, पर जब संघर्ष को जाति-विभाजन के ईंधन से चलाया जाए, तो वह राजनीति नहीं, विस्फोटक वातावरण पैदा करने की रणनीति बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर माइक्रोफ़ोन पर 'नकली ओबीसी' जैसी टिप्पणी केवल एक व्यक्ति पर व्यक्तिगत आक्षेप नहीं है, यह उस समुदाय के सामाजिक आत्मसम्मान को भी हल्का दिखाने की चेष्टा है, जो वर्षों से अपनी पहचान और अधिकार की गरिमा स्थापित करने में लगा है। एक राजनीतिक विचारधारा और नेतृत्व की आलोचना की जा सकती है, की जानी भी चाहिए, परंतु समुदायों को परस्पर संदेह और प्रतिस्पर्धा में खड़ा करने वाले वाक्य लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करते हैं और यही रणनीति संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाने में भी दिखाई देती है। ईवीएम को 'भाजपा की मशीन' कहना, न्यायपालिका को दबाव में बताना और सेना को सरकार की कठपुतली कहना ये बयान राजनीतिक तर्क नहीं, ये संदेह को सामान्य बनाने का प्रयास हैं। हाल ही में राहुल गांधी द्वारा 'जेन-जी' को संबोधित कर यह कहना कि "तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है"। महज भावनात्मक अपील नहीं है। यह बयान ठीक उस समय आया, जब नेपाल और बांग्लादेश में युवाओं के नेतृत्व में व्यापक अस्थिरता पैदा हुई थी। यह समानता संयोग नहीं, रणनीति की निरंतरता को संकेत करती है। युवा ऊर्जा को विरोध में मोड़कर सत्ता परिवर्तन को भावनात्मक धर्मयुद्ध के रूप में पेश करना। राजनीति का यह तरीका अनुभव की कमी वाले युवाओं को शीघ्र ही यह विश्वास दिला देता है कि उनके सभी संकट किसी व्यवस्था की ओर से थोपे गए हैं और उनका समाधान टकराव में है। यह लोकतांत्रिक संवाद का मार्ग नहीं, अव्यवस्था के बीज बोने का मार्ग है। ऐसे में जहां तक चुनाव परिणामों पर उठाए जा रहे प्रश्नों का सवाल है, वहां राहुल गांधी की तर्कपद्धति चयनात्मक दिखाई देती है। वे कहते हैं कि हरियाणा में कांग्रेस 22,779 वोटों के कुल अंतर से आठ सीटों पर हार गई। पर वे यह नहीं बताते कि उन्हीं कम मार्जिन वाली सीटों में कांग्रेस अधिक सीटें जीत भी गई। तब न चुनाव आयोग पर संदेह हुआ, न ईवीएम पर। क्योंकि तब विजय थी, और विजय को हमेशा 'जनता का निर्णय' कहा जाता है। पराजय के समय यही निर्णय "भ्रम" या 'साजिश' कह देना राजनीतिक परिपक्वता नहीं, आत्म-चिंतन से बचने का तरीका है। कुल-मिलाकर देखें तो सच यही है कि लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात में है कि हारने वाला पक्ष भी कह सके कि, 'जनता ने यह निर्णय दिया है, हमें इससे सीखना होगा।' लोकतंत्र की कमजोरी वहीं से शुरू होती है जहां कोई यह कहने लगे, "निर्णय गलत था, जनता भ्रमित थी।" यह मानसिकता जनता को सम्मान नहीं, बल्कि संदेह की दृष्टि से देखती है। अंततः, आज भारत में संकट न तो चुनाव आयोग में है, न ईवीएम में, न चुनावी प्रक्रिया में। संकट एक सोच में है जनादेश को स्वीकार न करने की सोच में। यह लोकतंत्र के उस मूल स्तंभ को चुनौती देता है जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी है और वह है, जनता की अंतिम निर्णायकता। लोकतंत्र मशीनें नहीं, जनता के विश्वास पर चलता है और राहुल गांधी सरीखे नेता को यह मानना होगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
**दर्शन**

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।


## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
**प्रेरणा**

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चल गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कम करना होगा प्लास्टिक का उपयोग**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे का जिक्र किया। वर्ष 2019 में खोला गया यह देश का पहला गार्बेज कैफे था। अंबिकापुर नगर निगम ने प्लास्टिक वेस्ट के दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से यह अनोखी पहल की थी। इस कैफे की खासियत यह है कि यहां प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट खाना और नाश्ता मिलता है। एक किलो प्लास्टिक देने पर पूरा खाना और आधा किलो प्लास्टिक देने पर नाश्ता दिया जाता है। अंबिकापुर ने गार्बेज कैफे जैसे नवाचार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में एक मिसाल कायम की है। इस पहल से शहर में प्लास्टिक वेस्ट की मात्रा वर्ष दर वर्ष घटती जा रही है। एक बार फिर प्लास्टिक कचरा बातचीत का केंद्र बन गया है।

*- अमित पटेल, सरगुजा*

## करंट अफेयर

### सीनेट ने 'शटडाउन' समाप्त करने विधेयक को दी मंजूरी



अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने सरकारी 'शटडाउन' (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) समाप्त करने के लिए सोमवार को विधेयक पारित कर दिया और इसी के साथ इतिहास का सबसे लंबा 'शटडाउन' खत्म होने के करीब पहुंच गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक छोटे समूह ने अपनी पार्टी के भीतर तीखी आलोचना के बावजूद रिपब्लिकन के साथ एक समझौते की पुष्टि की जिसकी मदद से यह विधेयक पारित हुआ। पिछले 41 दिन से जारी शटडाउन कुछ और दिन जारी रह सकता है क्योंकि संसद के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा के सदस्य सितंबर के मध्य से अवकाश पर हैं। वे विधेयक पर मतदान करने के लिए वाशिंगटन लौटेंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विधेयक के प्रति समर्थन का संकेत देते हुए सोमवार को कहा, 'हम जल्द ही शटडाउन समाप्त करेंगे।' दरअसल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक समूह ने स्वास्थ्य देखभाल सब्सिडी के विस्तार की गारंटी के बिना चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की जिससे उनके 'कॉकस' के कई सदस्य नाराज हो गए। इस 'कॉकस' का कहना है कि अमेरिकी लोग चाहते हैं कि सब्सिडी को लेकर लड़ाई जारी रखी जाए।

## ऑफ बीट

### वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी- बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है-भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

## ट्रेंड

### दिल्ली हादसे से मन व्यथित



दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित किया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं आश्वस्त करता हूं कि हमारी जांच एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आधुनिक तकनीक



रक्षा क्षमता विकास के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग केवल हमारे शस्त्रागार को उन्नत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे संपूर्ण दृष्टिकोण को बदलने के बारे में है।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### हमारे लिए राष्ट्र प्रथम



कुछ लोग हैं, रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन 'वंदे मातरम' नहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें...जो 'वंदे मातरम' का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। हम जिएंगे तो देश के लिए, मरेंगे तो देश के लिए और कुछ भी योगदान देंगे तो राष्ट्र प्रथम होगा।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली हादसा दुर्भाग्यपूर्ण



दिल्ली में ब्लास्ट एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसे तत्व, जो लोगों के दिमाग में जहर घोलकर उन्हें इस तरह की हरकतें करने के लिए उकसाते हैं, उन्हें अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।
**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**



## सूचना

अंबिकापुर स्थित ठेकेदारी फर्म मेसर्स बीएम बिल्डकान ने अपने भागीदारी ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुऐ 01 अप्रैल 2025 से प्रभावी एक नया भागीदारी, अनुबंध. संपादित किया है।

यह फर्म 12 सितंबर 2018 को अस्तित्व में आई थी, जिसमें प्रारंभिक रूप से भइया लाल यादव मनोज कुमार यादव एवं प्रकाश चन्द्र राय भागीदार थे समय के साथ, श्री प्रकाश चन्द्र राय को व्यगित करणों से फर्म से सेवानिवृति ले ली।

फर्म में भइया लाल यादव एवं 2. मनोज कुमार यादव है

## न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरियों जिला बलरामपुर रा०गंज छ०ग०

रा०मा०क्र०- /ब-121/2024-25

ग्राम कन्दीकला प०ह०नं० उप तह० बरियों

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कुन्दीकला प०ह०नं०- उप तहसील बरियो जिला बलरामपुर रा०गंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुसमा चक्रधारी आ०/पति रामवृक्ष जाति कुम्हार निवासी ग्राम कुम्दीकला तहसील- राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज द्वारा के पिता रामवृक्ष आ० रूपन का मृत्यु दिनांक 12.05.1970 को ग्राम कुन्दीकला घर में हुई किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण यन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र पेश।उपरोक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध कार हो तो वह स्वंय, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक 24/07/2025 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि त्रात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक-14/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक डण्डाधिकारी बरियों
जिला बलरामपुर रा०गंज छ०ग०

### पीएम मोदी ने कालचक्र अभिषेक समारोह का किया उद्घाटन

# खुद को बताया सौभाग्यशाली, भारत-भूटान संबंधों को मजबूती देने के प्रयासों को सराहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 2 दिनी भूटान दौरे के दूसरे दिन बुधवार को कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उद्घाटन कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में पीएम मोदी भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, चतुर्थ नरेश के साथ नजर आए। उन्होंने लिखा कि भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और महामहिम चतुर्थ नरेश के साथ कालचक्र 'समय का चक्र' अभिषेक का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता परम पावन जे खेंपो ने की, जिसने इसे और भी विशेष बना दिया।उन्होंने लिखा कि यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जिसका सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। कालचक्र अभिषेक चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है, जिसने बौद्ध धर्म के भक्तों और विद्वानों को भूटान में एक साथ लाया है।

### पीएम मोदी ने एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट की

### यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान


'कालचक्र अभिषेक' समारोह के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ

### भूटान के प्रधानमंत्री तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा यह संदेश

भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन और आशीर्वाद दिया, जो आज चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के एक भाग के रूप में शुरू हुआ।

### भूटान के चौथे नरेश जिग्मे से की थी मुलाकात

इससे पहले पीएम मोदी ने थिम्पू में भूटान के चौथे नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात की थी। उन्होंने मुलाकात की तस्वीर 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि चतुर्थ नरेश के साथ एक अच्छी बैठक हुई।

**कई क्षेत्रों में मदद करेंगे**

भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी में सहयोग पर चर्चा हुई। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना की प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है।

### चौथे नरेश ने आधुनिकीकरण और एकता को मजबूत किया

जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने भूटान के चौथे नरेश के रूप में कार्य किया। उनका शासनकाल 1972 से 2006 तक चला और उन्हें भूटान के सबसे दूरदर्शी और प्रिय राजाओं में से एक माना जाता है। उनके नेतृत्व में, भूटान का आधुनिकीकरण हुआ, राष्ट्रीय एकता मजबूत हुई और एक अद्वितीय सुख-आधारित दर्शन अपनाया गया जिसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली।

### प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से युवा उत्साहित

# रोजगार की चाह रखने वाले युवा सामने आए, 57 हजार से ज्यादा जुड़े

देहरादून। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन , क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की ओर से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, जन-जागरुकता और हितधारकों के साथ संवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नियोक्ताओं ने भाग लिया और योजना को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में योजित सेमिनार का उद्घाटन एसके संगमा, अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्यालय), दिल्ली एवं उत्तराखंड ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की रूपरेखा, उद्देश्यों और प्रोत्साहन तंत्र की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना देश में नए रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने और युवाओं को औपचारिक रोजगार क्षेत्र से जोड़ने की दिशा में अहम पहल है। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को मजबूती मिलेगी।

### कार्यालय ने दी विस्तृत जानकारी

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की ओर से एक विस्तृत वीडियो प्रस्तुति और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें योजना की पृष्ठभूमि, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, लाभ की शर्तें, पोर्टल पर पंजीकरण की विधि आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### 14,538 नए और 43,271 पुनः जुड़े सदस्य

देहरादून क्षेत्र में अब तक 1,163 प्रतिष्ठान इस योजना से जुड़ चुके हैं, जिनमें 14,538 नए सदस्य (पहली बार) और 43,271 पुनः जुड़ने वाले सदस्य शामिल हैं। विश्वजीत सागर, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-एक ने योजना के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं को सरल भाषा में समझाया।

### सीतारमण ने की प्रतिनिधियों से मुलाकात

# अधिकारियों संग बजट के इनपुट के लिए चर्चा की


एमएसएमई के प्रतिनिधियों के साथ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को तीसरी प्री-बजट बैठक की अध्यक्षता की और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ आगामी बजट के इनपुट के लिए चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर थी। वित्त मंत्री मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण ने आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ तीसरी प्री-बजट बैठक की नई दिल्ली में अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्री-बजट चर्चा के तहत सरकार आने वाले बजट के इनपुट के लिए इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों और अन्य पक्षकारों के साथ लगातार बैठक कर रही है। इससे पहले वित्त मंत्री ने किसान संगठनों और कृषि सेक्टर से जुड़े अर्थशास्त्रियों के साथ प्री-बजट बैठक की थी।

### विकास और सुधार में तेजी पर दिया बल

एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार सभी राज्यों में एमएसएमई के लिए निवेश माहौल सुधारने में डिजिटलाइजड और समयबद्ध सिंगल विंडो क्लियरेंज सिस्टम एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। रिपोर्ट में व्यावसायिक नियमों को सरल बनाने, अनुमोदन प्रणालियों में सुधार लाने और भारत के एमएसएमई के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुधारों में तेजी लाने की आवश्यकता जताई गई है। रिपोर्ट में कंपनी अधिनियम के तहत अनुपालन को आसान बनाने के लिए पंजीकृत एमएसएमई के लिए द्विवार्षिक या त्रैवार्षिक फाइलिंग साइकिल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

### अर्थशास्त्रियों के साथ कर चुकीं बैठक

इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए देश के बड़े अर्थशास्त्रियों के साथ पहली प्री-बजट बैठक की थी। इस बैठक में मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के साथ आर्थिक मामलों का विभाग (डीईए) से कई वरिष्ठ अधिकारी और कई अर्थशास्त्री शामिल हुए।

### एलएसी विवाद के बाद सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में वायुसेना की क्षमता होगी मजबूती

# चीन की सीमा के करीब न्योमा एयरबेस बनकर तैयार, गरजेंगे राफेल-सुखोई

⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने समुद्रतल से 13 हजार 700 फीट की ऊंचाई और एलएसी से महज 30 किलोमीटर की दूरी पर न्योमा एयरबेस को पूरी तरह से ऑपरेशनल कर दिया है। जिसके बाद अब वो दिन दूर नहीं जब यहां से बल के राफेल, सुखोई और तेजस जैसे लड़ाकू विमानों के साथ ही विशालकाय परिवहन विमानों और हेलिकॉप्टरों की प्रचंड अंदाज में हवाई गर्जना सुनाई देगी। सूत्रों ने बताया कि न्योमा से आवश्यकता पड़ने पर वायुसेना अपने त्वरित, विशेष अभियानों और सीमाई निगरानी के कार्य को भी बखूबी अंजाम दे सकेगी। जानकारों का मानना है कि न्योमा की मदद से भारत को चीन, पाकिस्तान से दो मोर्चों पर मिलने वाली युद्ध की चुनौती के मामले में भी रणनीतिक बढ़त मिलेगी।

लद्दाख में न्योमा को मिलाकर वायुसेना के वर्तमान में चार एयरबेस हो गए हैं। इसके अलावा लेह, कारगिल और थॉइस में पहले से बल के हवाई ठिकाने मौजूद हैं। जबकि दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में वायुसेना के पास एक कच्चा रनवे पहले से है। जहां से विशेष अभियानों के दौरान वायुसेना के विमानों को लैंडिंग की सुविधा मिल जाती है।


फाइल फोटो: वायुसेना के एयरबेस पर उड़ान भरता भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई

### वायुसेना के परिवहन विमानों का संचालन शुरू

न्योमा का इतिहास में संबंध वर्ष 1962 के युद्ध से रहा है। जिसके बाद यह हवाई पट्टी पूरी तरह से निष्क्रिय अवस्था में थी। लेकिन बाद में कांग्रेस की अगुवाई वाली तत्कालीन संप्रग सरकार ने वर्ष 2009 में इसे पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया। जिसके बाद से यहां से वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस और एएन-32 जैसे परिवहन विमानों का संचालन शुरू किया गया।

### बीआरओ ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

चीन के साथ एलएसी विवाद के ठीक अगले साल 2021 में केंद्र सरकार ने संगठन को हिमांक परियोजना के तहत इसका 2025 के अंत तक कायाकल्प करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। माइनस 30 डिग्री तापमान वाली ठंड जैसी जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने समय से पूरा किया है। पूर्व में एक कच्चे रनवे वाले लैंडिंग ग्राउंड के नाम से विख्यात न्योमा एयरबेस पर लगभग 2.7 किलोमीटर लंबे पक्के रनवे को बनाने का 95 फीसदी काम बीआरओ ने पिछले साल अक्टूबर महीने तक पूरा कर लिया था।

### चुशुल एएलजी पर भी उतरेंगे विमान

रक्षा मंत्रालय सरहदी इलाके में मौजूद एक अन्य एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) चुशुल को भी दोबारा से सक्रिय करने की योजना बना रहा है। भावी योजना के मुताबिक, चुशुल से मानवरहित विमानों (यूएवी) और हेलिकॉप्टरों के संचालन के लिए पुनर्जीवित किया जा रहा है। इस एएलजी के रणनीतिक महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि इसकी दूरी एलएसी से महज 4 किलोमीटर है। यानी आपात परिस्थिति के बीच चुशुल की मदद से सैनिकों की तैनाती, जरूरी रसद की सप्लाई और अन्य सैन्य साजो-सामान की आसानी से आपूर्ति की जा सकेगी।

## सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन विशेष साधारण सभा में सम्पन्न होना है। अतएवं महामाया मत्स्य सहकारी समिति मर्या० डौरा की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय, उप रजिस्ट्रार सहकारी सोसाइटी बलरामपुर, जनपद पंचायत बलरामपुर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बलरामपुर के सूचना पटल पर दिनांक 12/11/2025 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 13/11/2025 से 19/11/2025 तक संस्था कार्यालय डौरा में सप्रमाण मुझे, प्राधिकृत अधिकारी या समिति सचिव को लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 20/11/2025 को 12:00 बजे से किया जावेगा।

एन० के० पैकरा
रजिस्ट्रीकण अधिकारी महामाया
मत्स्य सहकारी समिति मर्या० डौरा

## न्यायलय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग०

:: ईश्तहार ::

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुन्ती आ०.स्व. सहदेव राम निवासी कमलपुर थाना जयनगर तहसील ने कराया है कि आवेदक के अपने सगी बहन स्व. शिव कुवर आ० स्व सहदेव राम की दिनांक 30/10/2017 को स्थान बन ?वारी साहु के मकान मे नवापारा में हुई है

आवेदक के मृत्यू उपरांत मृत्यू का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी ।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र० //अ-20 (3)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक प्रहलाद कुमार गुप्ता आ० रामबली गुप्ता आयु 56 वर्ष निवासी महामाया चौक सदर रोड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की सीट नम्बर-10 मोहल्ला अस्पताल रोड नगर अम्बिकापुर, स्थित नूजल प्लाट नम्बर 4183/3, 4183/4861/2 रकबा कमशः 1597.6, 507.4 वर्गफीट भूमि एवं मकान को बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-2/2025-26

-:: ईश्तहार ::-

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम कमलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री किशोरी सरदार पिता उपेन्द्र सरदार, जाति नमोशुद्र निवासी ग्राम कमलपुर तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम कमलपुर, प.ह.नं. 22, रा.नि.मं. पिलखा, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 125/3 रकबा 0.20 हे. मे से 0.04 हे. कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का निवेदन किया गया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था / विभाग को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 26/11/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 को न्यायलयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि
व्यपवर्तन, सूरजपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र० // अ-20 (3)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक शैलेन्द्र गुप्ता आ० रामबली गुप्ता आयु 53 वर्ष निवासी महामाया चौक सदर रोड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की सीट नम्बर 10 मोहल्ला अस्पताल रोड नगर अम्बिकापुर, स्थित नूजल प्लाट नम्बर 4183/5 रकबा 2105 वर्गफीट भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आप्रत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दंडाधिकारी रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छग)

//ईस्तहार//

रा.प्र. क्रमांक इ/ 12/24-25

आम जनता ग्रामवासी ग्राम द्वारिकापुर को सूचित किया जाता है कि श्री हरिनंदन सिंह आ.श्री मोहर साय जाति गोंड़ निवासी द्वारिकापुर थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर छग द्वारा अपने बाबा धीर साय आ. बहादुर का मृत्यु दिनांक 07-08-2009 सात अगस्त दो हजार नौ के होने से अपने बाबा धीर साय आ बहादुर का मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है,जिस पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।जिस किसी आम जनता ग्रामवासीयों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपना आपत्ति दिनांक 25/11/25 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है,नियत तिथि के पस्चात कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं कार्रवाई कर दी जावेगी।आज दिनांक 28/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया है।

तहसीलदार कार्यपालिक/ दंडाधिकारी
रामानुजनगर जिला सूरजपुर ( छग)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०-../ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक तेजपाल गर्ग आ० स्व० भगवान दास अग्रवाल निवासी राममंदिर रोड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०म० के द्वारा शीट नम्बर-11क मोहल्ला राममंदिर मैदान नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 3196/4813/30 रकबा 0.03,1/2 एकड भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 82.84 वर्गमीटर प्रथम तल पर रकबा 98.502 वर्गमीटर, पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/11/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः- 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०//अ-20(3)/2024-25

ईश्तेहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सरदार हरपाल सिंह पिता तेजपाल सिंह बाबरा जाति सिक्ख निवासी नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला देवीगंज रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 3 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 1163/27 रकबा 440 वर्गफीट भूमि को अनावेदक/केता पन्नालाल सोनी पिता स्व० राजमणी सोनी जाति सोनार निवासी गुदरी बाजार अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः- 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०) रा०प्र०क०-20,25/11021700021-13अ-27/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरन आ. स्व. गजाधर राम, निवासी ग्राम बकनाखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० द्वारा द्वारा ग्राम बकनाखुर्द स्थित भूमि कुल खसरा न० 18 कुल रकबा 3.547 हे० भूमि का अनावेदक परमेश्वर आ० सुधराम व अन्य, निवासी ग्राम बकनाखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 178 के तहत प्रस्तुत की गई है। 05/12/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 07/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र० क्र० //अ-20 (3)/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक दीपक गुप्ता आ० रामबली गुप्ता आयु 51 वर्ष निवासी महामाया चौक सदर रोड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की सीट नम्बर-10 मोहल्ला अस्पताल रोड नगर अम्बिकापुर, स्थित नूजल प्लाट नम्बर 4183/4861/8 रकबा 2106.2 वर्गफीट भूमि को बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः- 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# घर पहुंचकर शासन एवं प्रशासन कर रहा लोगो की समस्याओं के समाधान का प्रयास : मंत्री लक्ष्मी

## बिहारपुर में किया गया समस्या समाधान शिविर का आयोजन, मिले 971 आवेदन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** गुरुवार को जिले के ओड़गी जनपद अंतर्गत बिहारपुर के महाविद्यालय ग्राउन्ड में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में किया गया। आयोजित शिविर में मंत्री श्रीमती राजवाड़े एवं कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा लोगों से संवाद कर उनके समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। शिविर में जिलाधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर 971 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी लोगों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि आज आपके गांव में शासन के साथ पूरा प्रशासन तंत्र आपके समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुआ है। शासन एवं प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है कि वह आप लोगों के घर तक पहुंच कर आपकी सभी समस्याओं का समाधान कर सके। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपील करते हुए अपने समस्याओं को उपस्थित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के समक्ष रखने को कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। आपको जिस भी योजना के बारे में जानकारी लेनी है और योजना का लाभ लेना है या शिकायत करनी है उस संबंध में अपने अधिकारी को अवगत कराएं। उन्होंने शिविर में आए लोगों से कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से देखते हुए उनके त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही की जाएगी। इन आवेदनों पर कार्यवाही की स्पष्ट स्थिति जानने के लिए पंजीयन क्रमांक के द्वारा कलेक्टर के जनदर्शन पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकता है। साथ ही बताया कि इन समस्याओं के निराकरण पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा चर्चा भी की जाती है। उन्होंने सभी हितग्राहियों से अपनी शिकायत या किसी योजना का लाभ नहीं मिलने की स्थिति को लेकर अपना पंजीयन करने के लिए कहा।




### मंत्री लक्ष्मी ने किया विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया गया। उन्होंने श्रवण यंत्र, वाकिंग स्टीक का वितरण किया साथ ही विभिन्न आंगनबाडियों में बच्चों के वजन के लिए मशीन का वितरण किया।

# दो पिकअप में लोड 120 बोरी अवैध धान जप्त

## राष्ट्रीय उद्यान बैरियर पर तैनात कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर/बिहारपुर।** बिहारपुर क्षेत्र में धान तस्करी का नेटवर्क लगातार सक्रिय होता जा रहा है। बुधवार की देर रात लगभग 2 बजे एक बड़ी कार्रवाई में प्रशासन ने दो पिकअप वाहनों को पकड़ा, जिनमें कुल 120 बोरी अवैध धान लोड था। यह धान मध्यप्रदेश के बरगढ़ मकरद्वारी मार्ग से चोरी-छिपे छत्तीसगढ़ में प्रवेश करा जा रहा था।सूचना मिलते ही तहसीलदार बिंदेश्वर प्रजापति और राजस्व निरीक्षक राम सकल सिंह की टीम ने मोहरसोप जंगल क्षेत्र में घेराबंदी की। खैरा रोड से भागते हुए दोनों वाहनों को रोका गया और मौके पर ही कब्जे में लिया गया। वाहनों में लोड धान सहित पूरी कार्रवाई मोहरसोप पुलिस चौकी को सुपुर्द कर दी गई है। जाँच के दौरान जो तथ्य सामने आए हैं, वे और भी गंभीर हैं। पता चला है कि दोनों पिकअप वाहन मकरद्वारी-कोल्हूआ मार्ग से होते हुए गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र के चेकपोस्ट बैरियर को पार कर आए थे। ग्रामीणों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि पार्क बैरियर पर तैनात विडगार्ड और वनकर्मियों की मिलीभगत के बिना पीरियड क्षेत्र से किसी भी वाहन का निकल पाना संभव नहीं है।उद्यान के रेंजर की निगरानी प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। बैरियर के बावजूद अवैध धान बड़े वाहनों में कैसे बेरोक-टोक निकल रहा है।



### चार प्रमुख मार्ग बने धान तस्करी के रास्ते

बिहारपुर क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न राज्यों से बड़ी मात्रा में धान की एंट्री होती पाई जा रही है। जिन रास्तों से धान तस्करी की पुष्टि हुई है उनमें मध्यप्रदेश से नवा टोला मार्ग, मकरद्वारी मार्ग, सपहा मार्ग, उत्तरप्रदेश से चोपता मार्ग।इन सभी मार्गों का उपयोग तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, और रात के समय धान की एंट्री लगातार जारी है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की ओर से मांग की जा रही है कि इन सभी मार्गों पर पुलिसकर्मी और राजस्व अधिकारियों की डियूटी लगाई जाए, ताकि तस्करी पर रोक लग सके।

### मंत्री लक्ष्मी तक पहुँची शिकायत

इस पूरे मामले की शिकायत महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को भी ग्रामीणों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई है। ग्रामीणों का एवं कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अधिकारियों और स्थानीय कर्मियों की मिलीभगत के कारण ही धान तस्करी बढ़ती जा रही है। मामले में प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है और धान तस्करी के इस नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# सुने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी धराया

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** सुने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को भटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि 3 सितम्बर को प्रगति विहार भटगांव के अभिषेक दुबे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके बंद घर का ताला तोड़कर गैस टंगी, इलेक्ट्रानिक कुकुर व अन्य कागजात व सामानों को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303, 331(4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। भटगांव पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी निहाल उर्फ छोटू देवांगन 19 वर्ष प्रगति विहार को पकड़ा। पूछताछ पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानेदही पर 1 नग गैस सिलेण्डर, 1 नग इलेक्ट्रानिक कुकुर कुल कीमती 10 हजार रूपये का बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, एएसआई नंदलाल सिंह, दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह व सैनिक बबलु राजवाडे सक्रिय रहे।

# पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा ट्रैक्टर चलाते, मालिक पर लगा 30 हजार का जुर्माना

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, सुरक्षात्मक उपाए सुनिश्चित कराने एवं यातायात नियमों के प्रति लापरवाही पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिए है। जिस पर जिले की पुलिस अमल करते हुए हर सम्भव उपाय कर रही है। बीते दिन पुलिस ने एक 17 वर्षीय बालक को बिना ड्राईविंग लायसेंस और बिना नंबर प्लेट के ट्रेक्टर चलाते पाया था। पूछताछ पर उसने बताया कि ट्रेक्टर ग्राम सोहरपुर निवासी प्रदीप जायसवाल का है। मामले में यातायात पुलिस के द्वारा एमव्ही एक्ट की धारा 5/180, 199(क) के तहत इस्तगाशा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर न्यायालय के द्वारा वाहन स्वामी प्रदीप जायसवाल के पर 30 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने बताया कि सड़क हादसों को रोकने के लिए जिले की पुलिस के द्वारा लगातार यातायात जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नियमों का पालन करने की समझाईश दी जा रही है। वहीं नियमों के उल्लघंन पर सख्ती भी बरती जा रही है। नाबालिक से ट्रेक्टर या अन्य वाहन चलवाने का यह व्यवहार समाज में एक हानिकारक संदेश देता है। उन्होंने नागरिकों से अपील किया है कि यातायात नियमों का पालन करें, वैध ड्राईविंग लायसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाए, किसी भी परिस्थिति में नाबालिक से वाहन न चलवाए अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# बतरा ने एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** एड्स नियंत्रण समिति तथा टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत गुरुवार को पीएचसी बतरा टीम द्वारा भैयाथान विकासखंड के ग्राम बतरा में स्थित स्कूल मैदान में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के संदेहास्पद मरीजों का एच आई व्ही, टीबी, हेपेटाइटिस बी जाँच, बीपी, शुगर एवं यौन जनित रोगों की निःशुल्क जाँच परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयां वितरित किया गया।

इस शिविर में आस-पास के निवासरत लोगों में एच आई व्ही तथा टीबी एवं उससे जुड़े अन्य गंभीर बीमारी की पहचान तथा उसके निदान के संबंध में एक दिवसीय एकीकृत स्वाथ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 163 पंजीयन मरीजो का पंजीयन करके 71 का ऐक्स रे, 90 मरीजो का ब्लड जांच, 43 का नेत्र परीक्षण तथा हेपेटाइटिस एवं सुगर जांच किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम के स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जे.आर. एस सरुता, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह, बतरा पीएचसी मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. जे.बी सिंह, कमलेश तिवारी, के.यू खान, एमएल्टी निखत परवीन, मदनलाल, मोहर लाल गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, मदनलाल, शिवबोध, रवि भूषण कुशवाहा, सुलोचनी, बृजेश एवं सभी मितानिन एवं अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ओव्हरलोड ट्रेक्टर की चपेट में आया मासूम, मौत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**चांदनी बिहारपुर।** क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में मासूम की जान चली गई है। ठाढ़पाथर के अजय साहू अपने परिवार के साथ खेत में धान की ढुलाई करा रहा था। कट चुके धान को घर ले जाने के लिए उसने किराए पर ट्रैक्टर मंगवाया था। खेत में काम के दौरान अजय साहू ने अपने डेढ़ साल के मासूम बेटे को पास ही सुरक्षित जगह समझकर सुला दिया। लेकिन कुछ ही क्षणों बाद लापरवाही और ओवरलोडिंग ने उस मासूम की जिंदगी हमेशा के लिए छीन ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक विक्रम पांडे धान को ओवरलोड कर ट्रैक्टर में भर रहा था। धान से अटे पड़े ट्राली को खेत से निकालते समय ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। चालक के नियंत्रण खोते ही ट्रैक्टर सीधे उस स्थान की ओर बढ़ गया जहां मासूम बच्चा सो रहा था। देखते ही देखते ट्रैक्टर ने बच्चे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना इतनी भयावह थी कि परिवार के लोग चीख पड़ें और पूरा खेत मातम में बदल गया। हादसे के बाद आरोपी चालक विक्रम पांडे ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना चांदनी थाना पुलिस को दी सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में धान ढुलाई के दौरान ओवरलोडिंग का चलन आम हो गया है, जिस पर किसी तरह की रोक-टोक नहीं होती। लापरवाही और अवैध ओवरलोडिंग के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन निगरानी की कमी के कारण हालात नहीं सुधर रहे हैं।



मासूम की इस दर्दनाक मौत ने क्षेत्र को झकझोर दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई और ऐसे वाहनों की नियमित जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसे दोबारा न हों।

# जिला जेल में बंदियों को युवा साथी ने उपलब्ध कराया दैनिक उपयोग की वस्तुएं

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** आहार एवं पोषण अभियान के अंतर्गत डाबर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर से युवा साथी फाउंडेशन द्वारा माँ राधा टेक्सटाइल्स के सहयोग से यहां जिला जेल में निरुद्ध 380 बंदियों हेतु दैनिक उपयोग के लिए निःशुल्क नारियल तेल, टूथपेस्ट, शैम्पू, बाम उपलब्ध कराया गया। इस दौरान जेल मे पदस्थ डॉ गुप्ता के सहयोग से बंदियों के स्वास्थ्य एवं आँखों का परीक्षण भी किया गया। परीक्षण में 15 कैदियों के आँखों में समस्या थी जिनके लिए पॉवर का चश्मा युवा साथी फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बनवाकर वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करना और उन्हे शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाना था। जिससे वे रिहाई के पश्चात समाज में अच्छे नागरिक बनकर अपनी पहचान बना सकें और सुखमय जीवन व्यतीत कर सके।

# बाईक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह एवं खरीददार सहित 4 गिरफ्तार

## 4 बाईक जप्त, आरोपियों को पकड़ने भटगांव पुलिस ने खंगाले 40 सीसीटीव्ही फुटेज

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले की भटगांव पुलिस ने बाईक चोर गिरोह के सदस्यों एवं खरीददार सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की 4 बाईक जप्त किया है। जप्त बाइको की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है।

बताया गया है कि महेशपुर के सूरज प्रसाद ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 सितम्बर को ग्राम सोनगरा आमाडांड बाजार से उसकी मोटर सायकल चोरी हो गई है। जिस पर धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार जरही के भैरव शर्मा ने 16 अगस्त को मोटर सायकल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध क्रमांक 131/25 पंजीबद्ध किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने, क्षेत्र में लगे सीसीटीव्ही फुटेज का सूक्ष्म निरीक्षण करने तथा पूर्व में चोरी के मामले में लिप्त लोगों से पूछताछ करते हुए चोरों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। भटगांव पुलिस ने चोरी के मामलों की विवेचना के दौरान क्षेत्र के 40 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज की जांच करते हुए सूचना तंत्र का एक्टिव किया। इसी बीच प्राप्त जानकारी के आधार एवं सुराग मिलने पर संदेही शूभम सोनी निवासी जंगलपारा जरही को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने पंजीबद्ध दोनों मामले की मोटर सायकल चोरी करने की बात कबूली और बताया कि अपने साथियों के साथ संगठित तौर पर गैंग बनाकर बाईक चोरी की वारदात को अंजाम देते थे एवं अम्बिकापुर के मनोज सोनी व उसके बेटे प्रिंस सोनी के पास चोरी किए गए मोटर सायकल को बेचते थे। प्रकरण में मुख्य आरोपी के बताने पर उसके अन्य साथी क्रमशः आकाश कुमार चौबे, दीपक कुमार केवंट एवं मोटर सायकल खरीददार कबाडी अम्बिकापुर निवासी प्रिंस सोनी को दबिश देकर पकड़ा गया।पूछताछ पर दुर्गा पूजा के समय ग्राम करौटी एवं ग्राम दवना से भी अलग-अलग समय पर 2 मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स, बजाज प्लेटिना सीडी 100 को आरोपी कबाडी प्रिंस सोनी से जप्त कर इस्तगासा क्रमांक 02/25 धारा 35-(1)(3)बीएनएसएस के तहत वाहन मालिक का पतासाजी किया जा रहा है। सभी आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला उनके द्वारा संगठित रूप से सार्वजनिक स्थान, मुख्य बाजार व रात्रि में घर के बाहर खडे वाहनों को चोरी कर कबाडी के पास खपाते थे। इन आरोपियों के विरूद्ध जिला सरगुजा एवं सूरजपुर के अन्य थाना चौकी में अपराध दर्ज है जहां उन्हें चालान किया जा चुका है। मामले में 4 मोटर सायकल कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी शुभम सोनी 22 वर्ष आकाश कुमार चौबे 26 वर्ष दोनों जंगलपारा जरही, दीपक कुमार केवंट 25 वर्ष उर्जा नगर जरही, प्रिंस सोनी ग्राम खैरबार थाना कोतवाली अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी व एसडीओपी अभिषेक पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, एएसआई राजकिशोर खलखो, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, प्रधान आरक्षक संजय कुमार, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनिश पटेल, राधेश्याम साहू, श्याम सिंह व सैनिक बबलु राजवाडे सक्रिय रहे।



# जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में 15 हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

## खेत मे पककर खड़ी धान की फसल किया बर्बाद, आधा दर्जन से अधिक गांवों में दहशत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात करीब 15 हाथियों के झुंड ने कई गांवों में जमकर उत्पात मचाया और एक दर्जन से अधिक किसानों की खेत मे खड़ी धान की फसल को बुरी तरह चौपट कर दिया। बताया गया है कि क्षेत्र के ग्राम नवडीहा, मोहरसोप, जुड़वनीया, बगझर, कछवारी, बसनरा, कछिया, परसा शाहिद सहित आसपास के गांव में हाथियों की आमद से ग्रामीण पूरी रात दहशत में रहे। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड धान के खेतों में घुसकर भारी नुकसान कर रहा है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। कई परिवार पूरी रात खेतों की रखवाली करते रहे, लेकिन हाथियों के आगे कुछ नहीं कर सके। वन विभाग के रेंजर मेवा लाल पटेल ने पुष्टि करते हुए बताया कि करीब 15 हाथी क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं, और लगातार किसानों की फसल को नुकसान पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फसल नुकसान की भरपाई के लिए सर्वे कराया जा रहा है और किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही वन विभाग की टीम हाथियों को आबादी वाले इलाकों से दूर ले जाने की लगातार कोशिश कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तेजी से कार्रवाई कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा जाए, ताकि आगे होने वाले बड़े नुकसान को रोका जा सके।


### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बलरामपुर-रामानुजगंज ( छ0ग0 )

### निविदा सूचना

बलरामपुर, दिनांक 12/11/2025

क्र./365/निर्वा.स्टोर./2024 विगत विधानसभा निर्वाचन–2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 के के अनुपयोगी सांविधिक/असांविधिक लिफाफा एवं अन्य अनुपयोगी दस्तावेजों तथा पुराने मतदान प्रकोष्ठों को व्ययन के संबंध में आयोग के निर्देशानुसार रद्दी कागजों, पुट्ठा इत्यादि अनुपयोगी कागजों तथा पुराने मतदान प्रकोष्ठों के विक्रय के संबंध में निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 के नियम 92, 93 एवं 94 के तहत् वर्ष 2023–2024 के समस्त अनुपयोगी दस्तावेजों को विक्रय किये जाने हेतु निविदाकारों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किये जाने एवं सफल निविदाकार से अनुपयोगी दस्तावेजों/पुट्ठों एवं मतदान प्रकोष्ठों को कतरन/क्रश कर विक्रय किये जाने हेतु निविदाकारों से सीलबंद लिफाफे में निविदा निम्नांकित शर्तों के अधीन दिनांक 27.11.2025 (दिन गुरुवार) तक पुनर्निविदा आमंत्रित किया जाता है। पूर्णतया भरे हुए निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बलरामपुर- रामानुजगंज के (निर्वाचन शाखा कक्ष क्रमांक–16) में दिनांक 27/11/2025 दिन गुरुवार को दोपहर 3.00 बजे तक जमा करना होगा। आमंत्रित पुनर्निविदा दिनांक 27/11/2025 दिन गुरुवार को ही सायं 4.00 बजे निविदाकारों के उपस्थिति में गठित समिति द्वारा निविदा खोली जावेगी। निविदा की शर्ते एवं विवरण जिला के वेबसाईट–www.balrampur.gov.in पर देखी जा सकती है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

अपर कलेक्टर
जिला बलरामपुर-रामानजुजगंज

जी-252604722/2



### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ०ग०)

रा०प्र०क्र०– /4–121/2025–26

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक साहिल गोयल आ० अनिल कुमार गोयल निवासी अग्रसेन वार्ड नंबर 34 खरसिया रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग) के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 215/43 मेसे रकबा 133 वर्गमीटर मकान को अना क्रमांक । सपना सोनी आहरीलाल सोनी, खसरा नंबर 215/43 मेसे रकबा 133 वर्गमीटर मकान को अना. क्रमांक–2 अभिलाषा एक्का आ) बिहारी लाल एक्का, खसरा नंबर 215/43 मैसे रकबा 133 वर्गमीटर/मकान को अना. क्रमांक–3 विनीता चौरसिया पति गया प्रसाद चौरसिया, खसरा नंबर 215/43 मेसे रकबा 133 वर्गमीटर/मकान को अना. क्रमांक 4 सपना सोनी आ०हरीलाल सोनी, खसरा नंबर 215/43 मेसे रकबा 133 वर्गमीटर/मकान को अना. क्रमांक–5 सब्या सिंह पति दीपक कुमार सिंह, खसरा नंबर 215/43, 215/46 मेसे रकबा 114.5, 18.5 वर्गमीटर/मकान को अना. क्रमांक–6 अनिल कुमार मिश्रा आ. स्व. श्यामसुंदर मिश्रा, खसरा नंबर 215/43, 215/46 मेसे रकबा 110.5, 22.5 वर्गमीटर/मकान को अना. क्रमांक–7 प्रियंका गुप्ता आ.नरेष प्रसाद गुप्ता, खसरा नंबर 215/43, 215/42 मेसे रकबा 79, 54 वर्गमीटर/मकान को अना. क्रमांक 8 सुनीता देवी पति ऋषि गुप्ता, खसरा नंबर 215/43, 215/40 मेसे रकबा 40, 93 वर्गमीटर/मकान को अना. क्रमांक–9 रोशनदीप प्रसाद आ. विजयशंकर के पास बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथया संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26.11.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय–सीमा के बाद प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला–सरगुजा



### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

रा०प्र०क्र०/अ–20(3)/2024–25

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरमिन्दर कौर छाबड़ा पत्नी रणदीप सिंह छाबडा उम्र लगभग 46 वर्ष जाति सिक्ख निवासी सी 402 निलाया अपार्टमेंट वीआईपी स्ट्रीट, विशाल नगर रायपुर छ०ग ० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला कौवाडाड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 3 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 1413/14, 1413/15 1412/4841/6 रकबा क्रमशः 0.05, 0.01, 0.03 एकड़ भूमि को अनावेदक/केता दीपक कुमार शर्मा आ० जगदीश प्रसाद शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी मेन रोड सूरजपुर एवं प्रतिमा शर्मा पत्नी दीपक कुमार शर्मा उम्र लगभग 41 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा छ०ग० के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू–खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा–आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय–सीमा के बाद प्राप्त दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।
आज दिनांक11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पद्मुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

# सरगुजा फ्रंटलाइन

# ये है अंबिकापुर का हॉकी स्टेडियम, एस्ट्रोटर्फ की जगह बिछा दी गई छर्री गिट्टी

## अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉकी मैदान बना सपना, गड्ढों में दबा खिलाड़ियों का ख्वाब

### पूर्व सीएम ने अंतरराष्ट्रीय मानक का स्टेडियम बनाने की थी घोषणा, हकीकत कुछ और



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के राजीव गांधी पीजी कॉलेज मैदान में हॉकी स्टेडियम बनाया गया है, लेकिन यहां खिलाड़ी नहीं आ रहे हैं। वजह मैदान पर छर्री गिट्टी बिछा देना है। मैदान में जगह-जगह गड्ढे हैं। खिलाड़ी कभी-कभार आते भी हैं तो स्टेडियम की दुर्दशा देखकर लौट जाते हैं। यदि वे हिम्मत जुटाकर खेलते भी हैं तो मैदान की हालत की वजह से गिरकर घायल हो जाते हैं। दरअसल हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बिछाने की घोषणा 12 साल पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री ने की थी। उस समय लगा था कि अंबिकापुर में भी अंतरराष्ट्रीय मानक का स्टेडियम होगा, लेकिन यह दूर की कौड़ी साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन 12 साल पहले किया था। इस दौरान उन्होंने यहां अंतरराष्ट्रीय मानक के हिसाब से एस्ट्रोटर्फ बिछाने की घोषणा की थी। साल-दर-साल बीतते जा रहे हैं, लेकिन एस्ट्रोटर्फ की जगह घास का एक तिनका भी यहां नहीं लगाया गया। एस्ट्रोटर्फ अब भी खिलाड़ियों के लिए सपना बना हुआ है। मैदान में जगह-जगह गड्ढे तो हैं ही, यह पशुओं का चारागाह भी बना हुआ है। इन सबके बीच कभी-कभार खिलाड़ी प्रैक्टिस करने को मजबूर हैं। एस्ट्रोटर्फ की फाइल खेल एवं युवा कल्याण विभाग के दफ्तर में धूल फांक रही है। ऐसे में यहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी कैसे निकलेंगे? यह एक सवाल है।

### स्टेडियम की हालत भी खस्ता

स्टेडियम भी खस्ताहाल है। स्टेडियम के दोनों ओर दर्शकों के बैठने के लिए बनाई गई सीढ़ियां भी जर्जर हो चुकी है। कई लोग यहां बैठकर नशाखोरी करते नजर आते हैं। देखरेख के अभाव में हॉकी स्टेडियम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

### एस्ट्रोटर्फ बिछाने भेजी गई है फाइल

सरगुजा हॉकी संघ के सचिव राजेश सिंह का कहना है कि स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बिछाने की फाइल खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पास कुछ वर्ष पूर्व भेजी गई थी, लेकिन उस पर अब तक पहल नहीं हो सकी है। ऐसे में खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने में परेशानी हो रही है।

# विद्यार्थियों ने ग्राम भ्रमण करके सीखा समाज से जुड़ाव का पाठ

## शासन व्यवस्था, विकास योजनाएं और सामाजिक जिम्मेदारी को समझा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला पंचायत सरगुजा के सहयोग से राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर के विद्यार्थियों ने हाल ही में ग्राम पंचायत मेंड्रा खुर्द और दरिमा का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण 'कम्युनिटी एंगेजमेंट एंड सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसे मुहिम फाउंडेशन और महाविद्यालय संयुक्त रूप से संचालित कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, नागरिक जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना है, ताकि वे समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को समझ सकें और विकास प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

भ्रमण दौरान विद्यार्थियों ने पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद किया। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र और कॉमन सर्विस सेंटर जैसी संस्थाओं का अवलोकन करके स्थानीय शासन और सामुदायिक संस्थाओं के कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझा। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सशक्त शासन व्यवस्था के लिए सक्रिय युवा नागरिक अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहिए, क्योंकि उन्हीं के प्रयासों से गांवों का चेहरा बदल सकता है। सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना युवाओं का कर्तव्य होना चाहिए। मुहिम फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक ऋषिकेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब युवा सीधे समुदायों से जुड़ते हैं, तब वे शासन और विकास को किसी सैद्धांतिक अवधारणा के रूप में नहीं, बल्कि जीवन की सच्चाई के रूप में देखते हैं यही वास्तविक सीख है। यह पहल महात्मा गांधी की 'नई तालीम' की भावना को साकार करती है। जीवन के माध्यम से शिक्षा और जीवन के लिए शिक्षा, जहां शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वास्तविक अनुभवों, संबंधों और जिम्मेदारियों से विकसित होती है। ऐसे शैक्षणिक अनुभवों के माध्यम से मुहिम फाउंडेशन और राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का उद्देश्य संवेदनशील, उत्तरदायी और क्रियाशील युवाओं की ऐसी पीढ़ी तैयार करना है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा सके।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भव्य 'यूनिटी मार्च'

## सांसद के नेतृत्व में राम मंदिर से निकले मार्च में दिया एकता का संदेश

### सांसद, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने की धान कटाई



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर जिले में गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय एकता मार्च पदयात्रा 'यूनिटी मार्च' का आयोजन किया गया। सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज के नेतृत्व में अंबिकापुर के राम मंदिर प्रांगण से पदयात्रा रवाना हुई। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय महाविद्यालय के छात्र, बड़ी संख्या में आमजन उत्साहपूर्वक यात्रा में निकले। इस अवसर पर लोगों में उत्साह और एकता का अभूतपूर्व नजारा देखने मिला। एकता का संदेश देते हुए जैसे-जैसे मार्च आगे बढ़ा, शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों ने फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा से रैली का स्वागत किया। पदयात्रा द्वारा जन-जन तक एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विकास का संदेश पहुंचाया गया।

इस दौरान सांसद चिंतामणी महाराज ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया है। देश के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, उनके इन्हीं योगदानों के लिए आज हम एकता मार्च के माध्यम से लोगों को एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बहुत से स्वतंत्रता आंदोलनों का नेतृत्व किया और भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के रुप में सेवाएं दी हैं, उनके विषय में जितना कहा जाए कम है। हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके जयंती को पूरे भारत में मना रहे हैं, उनकी शिक्षाओं और विचारों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। हमें उनकी जयंती पर उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि हम सब एक ऐसे पुरूष की जयंती मना रहे हैं, जो एकता के लिए मिसाल हैं। देश जब आजाद हुआ तब उन्होंने देशी रियासतों को भारत देश में मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। राजाओं से बात कर रियासतों का विलय करवाया और भारत देश के स्वरूप का गठन हुआ। एकता मार्च के माध्यम से हम लोगों को देश की आजादी में अपनी भूमिका निभाने वाले ऐसे ही महत्वपूर्ण पुरुषों के बारे में बताकर प्रेरित कर रहे हैं। महापौर मंजूषा भगत ने भी सरदार पटेल के विचारों को याद कर विद्यार्थियों को देश के एकीकरण में उनके योगदान के बारे में बताया। कुल 11 किलोमीटर की यह पदयात्रा राम मंदिर अंबिकापुर से होते हुए मल्टीपरपज स्कूल पहुंची, जहां विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। विद्यार्थी जनसभा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात शंकरघाट शिव मंदिर में दर्शन कर लोगों ने घाट में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। शासकीय माध्यमिक शाला असोला में जनसभा आयोजित कर लोगों को सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और उनकी प्रेरक जीवनी के विषय में जानकारी दी गई। लोक गायक संजय सुरीला ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की अलख जगाई। परसा मोड़ में सांसद, महापौर जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने सामूहिक रूप से धान कटाई की। इसके पश्चात शिवमंदिर परसा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पेड़ लगाया गया। शासकीय माध्यमिक शाला परसा में जनसभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पदयात्रा संपन्न हुई। इस दौरान भारत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप, पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

### दो ट्रेक्टरों का बैटरी, डीजल और समर्सिबल पम्प में लगा वायर चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन राजपुर।** बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम कर्रा में अज्ञात चोर के द्वारा दो घरों से ट्रेक्टर का बैटरी, डीजल और समर्सिबल पंप तथा सोलर पंप चलाने के लिए लगाए गए तार को चोरी कर लिया।

जैमल राम पिता स्व. रामसाय राम 55 वर्ष ने राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपने जमीन में कृषि कार्य करने के लिए मिनी ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 15 डीई 1775 रखा है, जो घर के बाहर गैरेज में खड़ा रहता है। उसके जमीन में कृषि कार्य एवं घरेलू उपयोग हेतु बोरवेल है, जिसमें सोलर पम्प और बिजली से चलने वाला सबमर्सिबल पम्प लगा हुआ है। 11-12 नवम्बर की रात को अज्ञात चोर द्वारा ट्रेक्टर में लगी बैटरी और बोरवेल में लगे स्टार्टर से पम्प तक के लगभग 25 मीटर वायर को चोरी करके ले गए, जिसकी कीमत 84 सौ रुपये बताई गई है। दूसरे मामले में गायत्री देवी पति स्व. सोमार साय ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके घर में खड़ी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 30 डी 7583 का बैटरी 11-12 नवम्बर की दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। बैटरी की कीमत लगभग 10 हजार रुपये बताई गई है। चोर ट्रैक्टर की टंकी से डीजल भी चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर पुलिस अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है।

# सरगुजा में पहली बार आयोजित होगी राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता

## प्रदेशभर के 400 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दम



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा एवं नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सरगुजा जिले में पहली बार राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 15 से 16 नवम्बर तक माउंट लिट्रा जी स्कूल संजय नगर में आयोजित होगी। इस राज्य स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेने आ रहे हैं, जो अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले में नेटबॉल का यह पहला बड़ा आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन से जिले में खेल के प्रति नई ऊर्जा, उत्साह और जागरूकता का संचार होगा तथा आने वाले समय में सरगुजा से और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। पूर्व में भी सरगुजा जिले से कई खिलाड़ी नेटबॉल में मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किए हैं। इस प्रकार के प्रतियोगिता से यहां की प्रतिभा और निखरकर सामने आएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कई जिले से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने कहा कि सरगुजा के लिए यह एक गौरवपूर्ण अवसर है कि यहां पहली बार राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन होगा, जो जिले के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

### कारों की टक्कर, दूसरा पक्ष भी थाने में दर्ज कराया रिपोर्ट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मणीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिट्ठीकला राइस मिल के पास हुई दो कारों की टक्कर के मामले में पुलिस ने दोनों कार सवारों की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। ग्राम लोधिमा माझापारा निवासी राजकुमार तिवारी पिता स्व. लखन राम तिवारी 45 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि 12 नवम्बर को रात्रि करीब 12.20 बजे वे साथी विनोद राजवाड़े के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी 05 आर 3745 से बिलासपुर की ओर जा रहे थे, भिट्ठीकला राइस मिल के पास बिलासपुर तरफ से आ रही डिजायर कार क्रमांक सीजी 07 एजेड 8899 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसके पहले बिलासपुर जिला के मोपका निवासी रूद्र गोस्वामी पिता केवल गोस्वामी 34 वर्ष ने मणीपुर थाना में डस्टर कार से टक्कर के बाद सवार लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।




### संकल्प यूथ क्लब ने गर्म वस्त्र वितरण किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बढ़ती ठंड के बीच पहाड़ी क्षेत्रों पर रहने वाले लोगों और छोटे बच्चों को राहत देने के लिए संकल्प यूथ क्लब, सामाजिक संस्था द्वारा बगीचा स्थित ग्राम महादेवडांड़, ढकनी पानी में रहने वाले लोगों को गर्म वस्त्र का वितरण किया। ठंड से राहत पहुंचाने के लिए संस्था की ओर से एक छोटा सा प्रयास किया गया है।

# सनातन परंपरा को चुनौती देने वालों से सावधान रहना होगा-पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राष्ट्रवादी प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने बुधवार को देर शाम पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम, में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'भारत की संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और वैज्ञानिक संस्कृति है, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' जैसे सार्वभौमिक आदर्शों पर आधारित है। यह संस्कृति केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और समाज को जोड़ने का विज्ञान है। उन्होंने अपने तीखे और प्रभावशाली अंदाज में कहा कि आज सनातन परंपरा पर योजनाबद्ध प्रहार किए जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि जो सनातन को तोड़ना चाहते हैं, वे भारत की आत्मा को तोड़ना चाहते हैं। जो राम को नकारते हैं, वे भारत के अस्तित्व को नकारते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि 'भारत का युवा आज तकनीक से संपन्न है, लेकिन उसे अपनी जड़ों से जुड़े रहना होगा। हमें यह जानना होगा कि हमारी सभ्यता, परंपरा और संस्कृति क्या है और हमें अपने ज्ञान का उपयोग 'देश के निर्माण' में करना है, न कि 'संस्कृति के विनाश' में। उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रवाद सत्ता या भूगोल से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना से उत्पन्न होता है। जब तक यह चेतना जीवित है, तब तक भारत अमर रहेगा। भारत में धर्म का अर्थ संकीर्णता नहीं, बल्कि कर्तव्य और मर्यादा है। हमारे ग्रंथों ने कभी किसी पर वर्चस्व की भावना नहीं रखी। उन्होंने पूरे विश्व के कल्याण की कामना की और कहा कि आज कुछ शक्तियां भारतीय संस्कृति को पिछड़ा बताने का षड्यंत्र कर रही हैं, जबकि सत्य यह है कि भारत की संस्कृति ही विश्व को दिशा देने वाली है। जो भारत को समझना चाहता है, उसे भारत के ऋषियों, वेदों और परंपराओं को समझना होगा। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान और सांस्कृतिक स्वतंत्रता है। जब भारत अपनी जड़ों से जुड़ा रहेगा, तभी वह विश्वगुरु बनेगा। कार्यक्रम का आयोजन लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक गणपति स्थापना ट्रस्ट, अंबिकापुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह टुटेजा नीटू ने और धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू ने किया। इस अवसर पर सांसद, विधायक, महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया के साथ नीलेश सिंह, जितेंद्र सोनी, अनीश सिंह सहित नगर के प्रबुद्धजन और सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### विधायक ने अटल परिसर का लोकार्पण किया, कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के वाड्रफनगर में गुरूवार को विकास की दिशा में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने नव-निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण फीता काटकर किया और लाखों रुपये की लागत से शुरू होने वाले कई विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित और सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है, जिसका परिणाम आज गांव से लेकर शहर तक विकास की रोशनी फैल रही है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनका संकल्प है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष मान सिंह ने की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर